• जयपुर, शनिवार, 22 जून 24 • वर्ष 13 • अंक 294 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित


सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद


पेज @3 जेडीए द्वारा आर.ओ.बी. सिविल लाईन्स 70 प्रतिशत सब-स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण...

पेज @5 1 घंटे तक उपखण्ड कार्यालय गेट के बाहर जमकर किया विरोध...

पेज @8 » प्रदेश बिजली, पानी की कमी से त्रस्त, सरकार जाने कहां...


# देशभर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## पीएम मोदी ने श्रीनगर में गिनाए योग के फायदे

श्रीनगर/एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में आयोजित मुख्य योगाभ्यास कार्यक्रम का नेतृत्व किया और योगाभ्यास के लाभों को गिनाते हुए लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

यहां शेरे कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में स्त्री-पुरुष शामिल हुए। मोदी ने कहा कि योग इस आपाधापी भरे जीवन और सूचनाओं के अंबार से प्रभावित मन को एकाग्रता की शक्ति प्रदान करता है। इससे स्वास्थ्य अच्छा रहता है। उन्होंने कहा कि आज योग से प्रेरित पर्यटन बढ़ा रहा है, जो कारोबार और रोजगार में भी योगदान कर रहा है।

उन्होंने कहा कि योग के लाभों को देखते हुए आज सेना के लोगों से लेकर अंतरिक्ष यात्रियों तक को योगाभ्यास कराया जा रहा है। जेलों में कैदियों को भी योग-ध्यान कराये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें जम्मू-कश्मीर के लोगों में योगाभ्यास के प्रति बड़ा उत्साह दिखा है। उन्होंने इस अवसर पर केंद्र शासित प्रदेश सहित देश और पूरी दुनिया के योग प्रेमियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी।


उल्लेखनीय है कि भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। इस अवसर पर दुनिया भर में योगाभ्यास के विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। मोदी दो दिन से जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं।



## पीएम मोदी ने योग को वैश्विक मंच पर लाने में अहम भूमिका निभाई : शिल्पा शेट्टी

नई दिल्ली/एजेंसी।

आज दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन को सेलिब्रेट करने का मकसद योग के फायदों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। इस मौके पर बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने योग को वैश्विक मंच पर लाने में अहम भूमिका निभाई है। बता दें कि योग दिवस मनाने की पहल भारत से ही की गई थी। 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था।





शिल्पा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को वैश्विक मंच पर लाने में अहम भूमिका निभाई है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना समेत उनके प्रयासों से दुनिया भर में योग के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ी है। लोगों ने अपनी दिनचर्या में योग को शामिल किया है। एक्ट्रेस ने कहा, उन्होंने लाखों लोगों को योग अपनाने के लिए प्रेरित किया है, जिससे वैश्विक स्तर पर स्वस्थ और अधिक संतुलित जीवन शैली को बढ़ावा मिला है।

एक्ट्रेस ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सभी से योग को अपनी जीवनशैली में अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, इसका मतलब सिर्फ योग का अभ्यास करना ही नहीं है, बल्कि समय पर खाना खाने और नियमित नींद लेने जैसी स्वस्थ आदतें अपनाना भी है। योग से मानसिक शांति और कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।

## योग दिवस कार्यक्रम के बाद लोगों के बीच पहुंच गए पीएम मोदी

श्रीनगर/एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को लोगों के बीच पहुंच गए और उनसे बातचीत की। बारिश के चलते योग का कार्यक्रम शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में कराया गया। योग कार्यक्रम की अगुवाई खुद पीएम मोदी ने की। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कन्वेंशन सेंटर के लॉन में पीएम मोदी पहुंच गए जहां करीब 40 मिनट तक उन्होंने लोगों से बात की।

प्रधानमंत्री जब लोगों से बातचीत करने के लिए बाहर आए तो बारिश भी रुक गई।

जब वे लोगों के बीच से गुजरे तो लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। पंक्तियों के बीच से चलते हुए वो कई बार रुके और लोगों के अभिवादन का मुस्कुरा कर जवाब दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान कुछ युवाओं के साथ सेल्फी भी ली।

श्रीनगर में सुबह हुई बारिश के बावजूद योग दिवस समारोह शानदार तरीके से मनाया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार के ऐतिहासिक कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर से 50,000 से 60,000 लोगों की भागीदारी पर खुशी जताई।



## बर्फीले पहाड़ों के शिखर से लेकर समुद्री तट तक छाया योग

नई दिल्ली/एजेंसी।

आज 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, भारत से लेक र अमेरिका तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उत्साह लोगों में दिखाई दे रहा है। विश्व के कई देशों में 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का नेतृत्व किया। वहीं, तीनों भारतीय सेनाओं और अर्धसैनिक बलों ने ऊंची बर्फीली चोटियों से लेकर समुद्र तक विभिन्न स्थलों पर योगाभ्यास किया।सिक्किम स्थित मुगुथांग सब सेक्टर में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 15 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर योगाभ्यास किया गया। यहां आईटीबीपी के जवानों ने योगासन किए। जवानों ने लेह के पैंगोंग त्सो में भी योग किया। भारतीय सेना के जवान देश की उत्तरी सीमा पर स्थित बर्फीली चोटियों पर योग करते दिखे। सेना के जवानों ने पूर्वी लद्दाख में भी योग किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे भी योग कार्यक्रमों में शामिल हुए। दिल्ली में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने योग किया। इस साल योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग है जो व्यक्तिगत तंदुरुस्ती और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है।



न्यूज़ अपडेट

### शिमलाः यात्रियों को ले जा रही बस पलटी, 4 की मौत 3 गंभीर

**शिमला/एजेंसी।** हिमाचल के शिमला जिला के जुब्बल में आज सुबह हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे है। घायलों को उपचार के लिए रोहडू अस्पताल लाया गया है। हादसे के वक्त ड्राइवर-कंडक्टर समेत बस में कुल 7 लोग सवार थे। इनमें से बस ड्राइवर कर्म दास पुत्र भोगी राम गांव कुडू जुब्बल, कंडक्टर राकेश पुत्र शिव राम गांव धरकोटी बिलासपुर, बिरमा देवी (62 साल) पत्नी अमर सिंह निवासी धांसर गांव और धनशाह (52) नेपाल की मौत हुई है, जबकि जयेंद्र सिंह रांगटा (63), दीपिका (25) पुत्री संजय ठाकुर निवासी गिल्टाड़ी और हस्त बहादुर घायल हैं।

### जल्द बजेगा फिर चुनावी बिगुल, ईसी ने वोटर लिस्ट मुकम्मल करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली/एजेंसी।** महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इन चुनावों की तैयारियां तेज हो गई हैं। चुनाव आयोग ने इन राज्यों को निर्देश जारी कर कहा है कि 20 अगस्त तक वोटर लिस्ट का काम मुकम्मल करें। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि वोटर्स डेटा अपडेशन के बाद चुनाव आयोग इन चारों राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को जम्मू-कश्मीर में इसी साल सितंबर तक चुनाव कराने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को एक बयान में चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान केंद्रों के स्थानों को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए उन्हें तर्कसंगत बनाने सहित स्पेशल समरी रिविजन एक्सरसाइज 25 जून से शुरू होगी।

नीट पेपर लीक मामला :

## तेजस्वी यादव के पीएस से होगी पूछताछ, ईओयू कर रही तलब करने की तैयारी

नई दिल्ली/एजेंसी।

नीट पेपर लीक मामले में तेजस्वी यादव के प्राइवेट सेकेट्री प्रीतम कुमार से पूछताछ होगी। आर्थिक अपराध इकाई उसे तलब करने की तैयारी कर रही है। बताया जा रहा है कि ईओयू प्रीतम से पूछताछ के लिए उसे दफ्तर बुलाएगी और वहीं पूछताछ करेगी। पेपर लीक के किंग पिन सिकंदर कुमार यादवेंदु से प्रीतम कुमार के डायरेक्ट कनेक्शन के कई तथ्य सामने आए हैं। नीट पेपर लीक होने के बाद सिकंदर यादवेंदु के लिए सरकारी गेस्ट हाउस बुक कराने से लेकर उसकी पोस्टिंग तक में प्रीतम कुमार की भूमिका सामने आ रही है। लिहाजा इओयू उससे पूछताछ करने की तैयारी में है। पेपर लीक मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने भी कई तथ्य सामने रखते हुए सिकंदर के लालू से भी डायरेक्ट



कनेक्शन की बात कही है। नीट परीक्षा मामले पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि ये बहुत गंभीर विषय है और निश्चित तौर पर इसकी उच्च स्तरीय जांच हो। क्योंकि ये मामला यहां के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से जुड़ा है। उनके क्कस रूम बुक कराते हैं और अनुराग यादव को ठहराते हैं। ये दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि 1 मई को तेजस्वी यादव के निजी सचिव प्रीतम कुमार ने गेस्टहाउस कर्मी प्रदीप कुमार को फोन कर सिकंदर कुमार यादवेंदु के लिए कमरा बुक करने को कहा था।


### कानपुर : मर्दनपुर नहर में चार बच्चे डूबे, दो को बचाया, दो लापता

**कानपुर /एजेंसी।** मर्दनपुर नहर में चार बच्चों के डूबने की सूचना से हड़कंप मच गया। दो बच्चों को मौके पर बचा लिया गया और दो बच्चे अब भी लापता बताए गए हैं। प्रशासन और परिजन बच्चों की तलाश कर रहे है। गुजैनी थाना पुलिस ने भी मौके पर बच्चों की तलाश शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक कानपुर दबौली निवासी चार बच्चे नहर के पास खेल रहे थे, नहर में पानी का बहाव तेज होने पर बच्चे डूब गए। शोर मचने पर दो बच्चों को बचा लिया गया। चारों बच्चों की उम्र 9 से 12 वर्ष बताई जा रही है। मौके पर बच्चों के रिश्तेदारों व आसपास के लोगों की भीड़ जमा है। परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि तत्काल कार्रवाई की जाती तो चारों बच्चों को बचाया जा सकता था। तब तक मौके पर गोताखोर भी नहीं आए थे। बच्चों के परिजनें का रो-रो कर बुरा हाल है। पिता पुलिस के सामने बच्चों को बचाने की गुहार लगा रहा है, लेकिन घटना के बाद बच्चों का कुछ पता नहीं चला है।

## बेटी सोनाक्षी की शादी से पहले होने वाले दामाद जहीर से मिले शत्रुघ्न सिन्हा, लगाया गले

मुंबई/एजेंसी।

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल दो दिन बाद यानी 23 जून को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। ऐसे में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इन सब के बीच खबरें थी कि एक्ट्रेस के पापा, अभिनेता-राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा इस शादी से खुश नहीं हैं और वो शादी में शामिल नहीं होंगे। इन सभी अफवाहों पर शत्रुघ्न सिन्हा ने विराम लगा दिया है। शत्रुघ्न सिन्हा और उनके होने वाले दामाद जहीर इकबाल को पहली बार एक साथ देखा गया। इस दौरान उन्होंने फोटोग्राफरों को कई पोज भी दिए।



दिग्गज स्टार ने जहीर इकबाल को आशीर्वाद भी दिया। कई क्लिप में दोनों एक-दूसरे के गले लगते नजर आए। शत्रुघ्न सिन्हा इस दौरान काफी खुश नजर आए। एक कैमरामैन के अनुरोध पर उन्होंने 'खामोश' भी कहा। जहीर और शत्रुघ्न के अलावा, सोनाक्षी भी स्पॉट हुईं। फोटोग्राफरों ने उनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। वह कार से उतरी और सीधे बिल्डिंग की ओर चली गई। इस दौरान वे कैजुअल आउटफिट में नजर आईं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि शादी को लेकर दिग्गज एक्टर काफी नाराज हैं। जब उनसे बेटी सोनाक्षी की शादी की खबर को लेकर पूछा गया, तो उन्होंने इसकी जानकारी ना होने की बात कही।

### आतिशी 12 बजे 'पानी सत्याग्रह' करेंगी शुरू

## दिल्ली जल संकट : आज से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगी जल मंत्री

नई दिल्ली/एजेंसी।

दिल्ली में जल संकट बरकरार है। इसी को लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी आज जंगपुरा के भोगल में अपना सत्याग्रह शुरू करेंगी। वह सत्याग्रह शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ सुबह राजघाट जाएंगी, जहां महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी।



जानकारी के अनुसार, हरियाणा से पानी कम मिलने के मुद्दे को लेकर आप नेता और दिल्ली की जल मंत्री आतिशी आज से अनिश्चितकालीन अनशन सत्याग्रह शुरू करेंगी। महात्मा गांधी को श्रद्धांजिल देने के बाद आतिशी सुनीता केजरीवाल व अन्य नेताओं के साथ अनशन स्थल पर जाएंगी। साथ ही बताया जा रहा है कि सुनीता केजरीवाल शाम को 4 बजे तिहाड़ जेल जाएंगी, क्योंकि गुरुवार को अदालत से जमानत मिलने के बाद आज केजरीवाल की तिहाड़ से रिहाई हो सकती है।

आप नेता संजय शर्मा, आतिशी, इमरान हुसैन और सौरभ भारद्वाज सीएम आवास पहुंचे गए हैं। यहां से सभी लोग राजघाट के लिए रवाना होंगे। अनशन के बारे में जानकारी देते हुए आतिशी ने सोशल मीडिया हैंडल पर बताया कि वह 11 बजे महात्मा गांधी की समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद दोपहर 12 बजे से जंगपुर के भोगल में अनिश्चितकालीन अनशन की शुरुआत करेंगी। उन्होंने बताया कि वह जब तक दिल्ली वालों को हरियाणा से अपने हक का पानी नहीं मिलेगा, तब तक अनशन जारी रखूंगी। इससे पहले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी दिलाने के लिए आइएनडीआइ गठबंधन से समर्थन मांगा है।

# बेरोजगार लड़कियों को जिस्मफरोशी में धकेलने वाले समाजकंटक!

देश में लड़कियों को विभिन्न माध्यमों से ब्लेकमेल कर उनका यौन शोषण करने और अनैतिक कार्य के लिए मजबूर करने के कुचक्र को कुछ समाजकंटक भ्रष्ट अधिकारियों और नेताओं के गठजोड़ से चला रहे हैं। हाल ही में बिहार के मुजफ्फरपुर से सामने आ रहे एक समाचार से देश में बेरोजगार बच्चियों को नौकरी देने की आड़ में देह शोषण करने के बेहद शर्मनाक धंधे का भंडाफोड़ हुआ है। इस रैकेट में मुजफ्फरपुर में नौकरी का झांसा देकर करीब 200 लड़कियों के यौन शोषण का मामला सामने आया है।

बता दें कि बिहार पहले से ही बेरोजगारी और पलायन की समस्या से जूझ रहा है क्योंकि यहां उद्योग-धंधों की कमी है। कुछ समाजकंटको ने इसी समस्या को अपराध के लिए हथियार बना लिया और एक कंपनी खोली। अहियापुर इलाके में 180 लड़कियों को नौकरी दिए जाने के नाम पर बंधक बनाया गया। उनके साथ मारपीट हुई, उनका यौन शोषण किया गया।ये वही मुजफ्फरपुर है जहाँ से 'बालिका गृह कांड' की घटना सामने आई थी। इस पर एक मुंबईया फिल्म 'भक्षक' भी बनाई गई थी। वहां 34 बच्चियों के यौन शोषण का मामला सामने आया था। संचालन ब्रजेश ठाकुर एक स्थानीय अखबार भी चलाता था। अब इसी मुजफ्फरपुर में हुई वारदात को लेकर छपरा की एक पीड़िता ने मामला दर्ज कराया है। डीवीआर नामक कंपनी ने फेसबुक पर लड़कियों के लिए जॉब ऑफर पोस्ट किया था और वो इससे जुड़ी। अप्लाई करने के बाद चयन हुआ और उससे प्रशिक्षण के नाम पर 20,000 रुपए मांगे गए। अहियापुर थाना क्षेत्र स्थित बखरी के पास ही पैसा जमा किए जाने के बाद कई लड़कियों को रखा गया था। 3 महीने बीतने के बाद भी इन्हें वेतन नहीं दिया गया, जिसके शिकायत इन लड़कियों ने कंपनी के मैनेजर तिलक सिंह से की। पीड़िता को इसके बाद 50 और लड़कियों को कंपनी से जोड़ने के लिए कहा गया और वादा किया गया कि इसके बाद उसकी सैलरी 50,000 रुपए हो जाएगी। उस दौरान पुलिस ने कंपनी के दफ्तर व हॉस्टल पर छापेमारी की, तिलक सिंह कई लड़कियों को लेकर हाजीपुर शिफ्ट हो गया और वहां उसने पीड़िता से शादी कर डाली।

रिपोर्ट के अनुसार मुजफ्फरपुर में रहने के दौरान भी उसने पीड़िता के साथ जबरन यौन संबंध बनाया था और उसका गर्भपात भी करा दिया था। हाजीपुर में जब वो मौके जाने की जिद करती तो उसे पीटा जाता था। बौरिया क्षेत्र में उसे कुछ आपसी दिए गए और कहा गया कि अब तुम आजाद हो। पीड़िता ने बताया कि लड़कियों को बंधक बनाया जाता है, वो भागने न पाए इसके लिए मुस्तंडों को तैनात रखा जाता है। लड़कियों से उनकी रिश्तेदारी व जान-पहचान में स्थित अन्य लड़कियों को फोन कॉल करवाए जाते हैं, उन्हें भी जॉब का ऑफर देकर उनका यौन शोषण होता है। लड़कियों को मुँह खोलने पर उनके परिजनों की हत्या की धमकी दी जाती है। कंपनी विज्ञापन में लिखती थी कि ये नौकरी सिर्फ लड़कियों के लिए ही है और मोटी सैलरी की पेशकश की जाती थी। बेल्ट से एक लड़की की पिटाई का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, आगे की जांच की बात कही जा रही है। पीड़िता ने बताया कि लड़कियों को कॉल करना सिखाया जाता था। पीड़िता ने बताया कि उसके फोन में कई सबूत थे, आरोपितों ने उसका फोन भी तोड़ डाला, उसे फॉर्मेट कर दिया। एक ओर देश प्रदेश की सरकारों ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा दिया है, दूसरी ओर आए दिन इस तरह की संगठित सिंडिकेट बना कर भोली भाली लड़कियों को अपने जाल में फंसा कर उनका मानसिक शारीरिक आर्थिक शोषण कर जीवन नर्क बनाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। क्या अब यत्र नारी पूज्यन्ते तत्र रमन्ते देवता की सांस्कृतिक विरासत को नष्ट भ्रष्ट कर दैहिक व्यभिचार का नर्क बनाया जाएगा।

देश में कोई क्षेत्र ऐसा नहीं, जहां कोई न कोई विकृति घोटाला या हेराफेरी न पनप रही हो। इनमें सरकारी व गैर सरकारी नौकरियां या रोजगार देने के नाम पर की जा रही हेराफेरी भी शामिल है। अब तो जरूरतमंद परिवारों की युवतियों को नौकरी का प्रलोभन देकर उनका यौन शोषण किया जाने लगा है। आरोप है कि बिहार के मुजफ्फरपुर में 'डीवीआर मार्केटिंग' नामक एक फर्जी कंपनी में 50,000 रुपए मासिक तक के वेतन का झांसा देकर दर्जनों युवतियों को महीनों तक बंधक बनाकर उनका यौन उत्पीड़न किया गया। अब मामले में आरोपियों से बच कर अदालत पहुंची एक पीड़िता की शिकायत पर इरफान, तिलक सिंह, अहमद रजा, हरे राम, मनीष सिन्हा, एनामुल अंसारी, विजय कुशवाहा और कन्हैया कुशवाहा समेत 9 लोगों के विरुद्ध छपरा के मसरख थाने में केस दर्ज हुआ है। इनमें से तिलक सिंह को 18 जून को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि बाकियों की तलाश जारी है। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसे नौकरी का प्रलोभन देकर हाजीपुर की डीवीआर कंपनी में डॉक्यूमेंट और 20,500 रुपए लेकर बुलाया। अपनी मौसी से कर्ज लेकर पीड़िता ने हाजीपुर में ज्वाइन किया लेकिन वहां काम की बजाय उसे नौकरी के नाम पर लोगों को फ्रॉड कॉल कर उन्हें कंपनी से जोड़ने का तरीका सिखाया जाने लगा। पीड़िता ने भी अपने माध्यम से 21 लोगों को कंपनी के साथ जोड़ा जिनसे कंपनी ने 20,500 रुपए ले लिए। जो लड़कियां अन्य ग्राहकों को नहीं जोड़ पाती थीं, उन्हें बैल्ट से मारा-पीटा व सिगरेट से दागा जाता था।

हाजीपुर में सबसे ज्यादा लड़कियों को रखा गया। पीड़िता के अनुसार वह 2021 में फेसबुक के जरिए आरोपियों के साथ जुड़ी लेकिन आज तक एक बार भी वेतन नहीं मिला। बस पीट कर और अन्य तरीकों से सबको डराकर रखा जाता था। इस दौरान युवितयों की तस्वीरें ली जातीं और उनसे छेड़छाड़ कर इंटरनैट पर डालने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जाता था। पीड़िता के अनुसार नशा देकर सब युवतियों की पिटाई की जाती और वीडियो बनाए जाते तथा एक युवती द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके भाई की हत्या तथा अपहरण की धमकी तक दी। मुजफ्फरपुर के दफ्तर में छापा पड़ने पर आरोपी उसे लेकर हाजीपुर चले गए। पीड़िता के अनुसार जब वह गर्भवती हुई तो दवा खिलाकर तीन बार उसका गर्भपात भी कराया गया। फिर नकली शादी कर यौन शोषण किया गया। अन्य युवतियों को भी शादी के लिए मजबूर किया गया और गर्भवती होने पर उनका भी गर्भपात कराया गया। पुलिस ने बताया कि इस फ्राड कंपनी पर उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार के अलग-अलग जिलों में एक दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं। कंपनी के नामजद आरोपियों ने नौकरी के नाम पर एक अन्य युवती से कहा कि शुरूआत में उसे 20,000 रुपए मिलेंगे। उसे यह झांसा भी दिया गया कि कंपनी में और लड़के-लड़कियों को ज्वाइन करवाने पर उसे 50,000 रुपए मासिक मिलने लगेंगे। पीड़िता ने 53 युवक-युवतियों को इस कंपनी में ज्वाइन कराया परंतु जब भी वह वेतन मांगती तो आरोपी कहते कि वह अब फर्म की शेयर होल्डर बन गई है। जाहिर है कि यह तो केवल एक गिरोह की बात है, ऐसे न जाने कितने गिरोह देश में जरूरतमंद युवतियों को रोजगार देने के बहाने उनका शोषण कर रहे होंगे।

# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर




डॉ. अशोक कुमार भार्गव

भारतीय चिंतन परम्परा में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर का चिंतन सामाजिक जड़ता, अराजकता, जन्म के आधार पर भेदभाव, साम्प्रदायिकता, अस्पृश्यता और उंच-नीच जैसी अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ शंखनाद है। वे ऐसे आदर्श मानवीय समाज की परिकल्पना करते हैं जहां सामाजिक समरसता पर आधारित मानवीय धर्म की प्रतिष्ठा हो। कहा जाता है कि काशी में लहरतारा तालाब पर नीरू तथा नीमा नामक जुलाहा दंपति को एक नवजात शिशु अनाथ रूप में प्राप्त हुआ। इन दोनों ने बालक का पालन पोषण किया जो संत कबीर के नाम से विख्यात हुए। निम्न और वंचित समझी जाने वाली जुलाहा जाति में पलकर भी तत्कालीन धर्म के दिग्गज पंडितों, मौलवियों को एक ही साथ फटकार सकने में समर्थ कबीर ने 'मसी' और 'कागद' न छूकर तथा कलम हाथ में न पकड़ कर भी केवल अपने प्रामाणिक अनुभव के बल पर जो कुछ कहा उसे सुनकर बड़ी-बड़ी पोथियों के अध्येता भी चकित रह गए। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रणेता कबीर ने निराकार ब्रह्म के उपासक होकर भी अपने प्रियतम के वियोग में जो चिरंतन व्याकुलता प्रकट की वह किसी भी सगुणोपासक अथवा प्रेमोपासक की विकलता से कहीं अधिक मार्मिक तीव्र एवं गहन बन गई।

संत कबीर का उद्भव जिन युगीन परिस्थितियों मे हुआ वे अत्यंत संकीर्ण, विषम और विसंगति पूर्ण थी। उत्तर भारत में मुस्लिम साम्राज्य अपनी जड़ें पूरी तरह जमा चुका था। तुर्क, अफ़गान, खिलजी, तुगलक, सैयद लोदी वंश अपने-अपने काल में इन जड़ों को और गहरा बनाने में कामयाब रहे। हिंदुओं के छोटे-छोटे राज्य भी अब समाप्त हो चुके थे। राजनीतिक दृष्टि से हिंदुओं में अब कोई शक्ति शेष नहीं थी। धार्मिक क्षेत्र में भी भेदभाव का साम्राज्य था। देश के पूर्वी भागों में वज्रयानी सिद्धों के तंत्र-मंत्रों का और पश्चिमी भाग में नाथ संप्रदाय के हठयोग का प्रभाव था। हिंदू धर्म वैष्णव, शैव और शाक्त संप्रदायों में विभक्त था और इन धर्म साधनाओं में परस्पर प्रबल विरोध और संघर्ष की स्थिति थी। हिंदुओं में मूर्ति पूजा प्रचलित थी। एकेश्वरवादी इस्लाम मूर्ति पूजा विरोधी था। इस्लाम के साथ सत्ता थी उनमें ऊंच, नीच का भेद नहीं था। कुछ वर्गों में सांप्रदायिक कट्टरता एवं संकीर्णता पनप रही थी। समाज में धर्मगत, जातिगत, वर्णगत संप्रदाय गत विषमताएं विकट थीं। फलस्वरूप समाज का निम्न और अछूत वर्ग शोषण, उत्पीड़न, उपेक्षा, अपमान और सामाजिक धार्मिक निर्योग्यताओं का शिकार होने से इनमें आक्रोश, असंतोष और विक्षोभ प्रबल हो रहा था।

ऐसी विषम स्थिति में कबीर की क्रांत दर्शिता विभिन्न मतवादों को समन्वित कर 'सूप' का स्वभाव लेकर उभरी जो किसी भी मत और संप्रदाय के 'थोथे' तत्व को उड़ा सकने एवं उसके सार तत्व को ग्रहण कर सकने में समर्थ है। यही कारण है कि उनकी बानियां लोक मंगल की भावना से प्रेरित लोकमंगल की साधना को समर्पित है। कबीर का चिंतन आचरण शुद्धि, लोक कल्याण, सांप्रदायिक सद्भाव तथा दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन पर केंद्रित है। कबीर ने तत्कालीन समाज में फैले कर्मकांडों, पाखंडों, जातिगत भेद-भावों अंधविश्वासों, बा'चारों और सामंती



व्यवस्था की खुलकर आलोचना की। हिंदू हो या मुसलमान पंडित हो या मौलवी सबको समान रूप से फटकार लगाई। कबीर ने मुसलमान की हिंसात्मक प्रवृत्ति की निंदा की। मूर्ति पूजा का खंडन किया। हिंदुओं को मुसलमान बनाने के विरुद्ध बगावत की।माला जपने, जप तप करने, व्रत रखने, रोजे रखने, मस्जिद में बांग लगाने आदि अनेक पाखंडों की आलोचना की। कबीर ने 'जाति-पांति पूछे नहि कोई। हरि को भजै सो हरि को होई' कहकर समाज को एक नई दिशा दी।

कबीर की कटु आलोचनाओं से समाज के ठेकेदारों के निहित स्वार्थ जब प्रभावित होने लगे तो इन्होंने बादशाह सिकंदर लोदी से शिकायत की। काजियों ने कहा कि कबीर लोगों को इस्लाम के विरुद्ध नसीहत देते हैं जिससे मुसलमान हिंदुओं की तरह ध्यान और भजन करने लगे हैं। पंडितों ने कहा कि कबीर परंपरा से चले आ रहे धार्मिक और सामाजिक नियमों का खंडन करते हैं। लोगों को ऐसे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं जिसे न हिंदू कहा जा सकता है न मुसलमान। बादशाह ने कबीर को ऐसा न करने का आदेश दिया। किंतु कबीर झुके नहीं और निर्भय होकर कहा कि पारस्परिक मतभेदों में समन्वय कर यदि जीवन को सार्थक बनाने योग्य समता मूलक सच्चे सिद्धांतों पर अमल किया जाए तो इसमें क्या दोष है? धर्म के ठेकेदारों को यह मंजूर नही था। बादशाह भी स्वयं मुसलमान था उसने तलवार के जोर से इस्लाम का प्रचार किया। इसलिए बादशाह ने कबीर को मृत्युदंड दिया। कबीर पंथियों का मत है कि लोदी ने अनेक प्रकार के उपायों से कबीर को मरवाने की कोशिश की किंतु किसी दैवी शक्ति या चमत्कार से कबीर का कुछ नहीं हुआ। अंततः कबीर के अलौकिक व्यक्तित्व के समक्ष सिकंदर लोदी नतमस्तक हुआ और कबीर को स्वतंत्र कर दिया।

एक बार कबीर को बादशाह को सलाम अदा करने के लिए कहा तब कबीर ने उत्तर दिया 'एक परमात्मा के सिवाए मालिके मखलूक और कोई नहीं । मैं उसी को सलाम करता हूं मिट्टी से बने किसी इंसान को नहीं।' कबीर के इस प्रबल आत्मविश्वास और निर्भयता के पीछे उनके अनुभव की प्रामाणिकता, ईमानदारी, सच्चाई और नैतिकता कार्य कर रही थी। खरी-खरी सुनाने का अद्भुत साहस कोई खरी अनुभूति वाला व्यक्ति ही कर सकता है। कबीर अशिक्षित थे सहज, सरल सबके लिए सुलभ थे। उन्होंने जिंदगी की पोथी को खुली आंखों से पढ़ा था। वे प्रेम के एक अक्षर को पढ़कर ही पंडित हो गए थे। उनकी भक्ति में ज्ञान योग और प्रेम का अद्भुत समन्वय है। ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं और गुरु के बिना ज्ञान नहीं। कबीर स्वामी रामानंद से गुरु दीक्षा के अभिलाषी थे किंतु शास्त्रानुसार जुलाहे कबीर पात्र नहीं थे। स्वामी रामानंद ने विवशता बताई और कबीर के स्पर्श के कारण दुबारा गंगा स्नान करने को कहा। तब कबीर ने टूटे हुए हृदय से कहा "आपकी पवित्रता मुझे पावन न बना सकी किंतु मेरी अपावनता ने आपको पुनः स्नान के लिए बाध्य कर दिया। सुना था देवता के स्पर्श से पापी तक पावन हो जाते हैं किंतु आज एक देवता मनुष्य को छूकर अपावन हो गया।" स्वामी रामानंद ने कबीर के कथन में निहित सत्य को अनुभूत किया और बाद मे कबीर को अपने आश्रम ले आए। कबीर ने सदैव शारीरिक श्रम की महत्ता को स्वीकार किया और आजीवन जुलाहे कर्म का निष्ठा से पालन किया।

कबीर की मृत्यु पूर्व की सूचना पर उनके हजारों हिंदू-मुस्लिम भक्त एकत्र हो गए। हिंदू उनका दाह संस्कार करना चाहते थे और मुसलमान दफन। किंतु कबीर जो जीवन भर सांप्रदायिक सद्भाव और एकता के लिए संकल्पित रहे उनका यह विश्वास टूटने पर अलौकिक शक्ति से अपने शव को अद्रश्य कर दिया और उस स्थान कुछ पुष्प बिखरे रह गए। आधे पुष्प हिंदुओं ने लेकर दाह संस्कार कर समाधि बना दी मुसलमानों ने आधे पुष्प दफन कर मकबरा बना दिया। वस्तुतः कबीर हिंदू के भी थे और मुसलमान के भी। वे दोनों को जोड़कर एक मानव संस्कृति के निर्माण की आधारशिला रख रहे थे। अपने सिद्धांतों के लिए जीने, मरने वाले कबीर न किसी जाति में पैदा हुए और न किसी धर्म में मरे जो एक साथ कब्र में दफन और समाधि में समाधिस्थ भी।

निःसंदेह कबीर साधना के क्षेत्र में युग गुरु और साहित्य के क्षेत्र में युग दृष्टा हैं। उनकी साधना वैयक्तिक और आध्यात्मिक होते हुए भी समष्टिपरक है। वे ऐसे सर्जक है जो परंपरा को तोड़ते ही नहीं बल्कि अपनी समकालीनता से उसे नए अर्थ भी देते हैं। कबीर में परंपरा के प्रति निरर्थक मोह नहीं है। वे आत्मा-परमात्मा का रहस्य बतलाते हुए कहते हैं कि आप सब अपने दिलों से हिंदू मुसलमान, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब और छोटे-बड़े का भेदभाव मिटा दो। हम सब एक ही राम-रहीम के बंदे हैं। आपस में सद्भाव से मिलजुल कर प्रेम से रहते हुए ईश्वर की भक्ति कर नेक जिंदगी जिए। यही मेरा संदेश और मजहब है। एक दिन कबीर ने पुत्र कमाल को कहा मुझे मगहर पहुंचा दो। मैं काशी में मरना नहीं चाहता। कमाल ने आश्चर्य से कहा कि "अब्बा, लोग तो दूर-दूर से मरने के लिए काशी में आते हैं और आप काशी छोड़कर मगहर जाना चाहते हैं। सुना है काशी में मरने पर स्वर्ग मिलता है और मगहर में मरने पर नरक। कबीर ने हंसते हुए कहा कि मैं इसी भ्रम को तोड़ना चाहता हूं। वैसे न मैं स्वर्ग में विश्वास करता हूं न नरक में। स्वर्ग और नरक मन का भ्रम हैं। कर्मों की पवित्रता, नैतिकता से मिलने वाली आत्म शांति स्वर्ग है और पाप कर्मों से मिलने वाली यातना नरक। मुझे अपने कर्मों की पवित्रता पर विश्वास है। मैं मगहर में मरकर भी स्वर्ग ले लूंगा और कबीर ने मगहर में अपना पार्थिव शरीर छोड़ दिया।

निसंदेह साहित्य और धर्म के क्षेत्र में एक नवीन क्रांति के जनक कबीर भौतिक रूप से हमारे मध्य नहीं है किंतु मानवता को हर प्रकार के बंधनों से मुक्त कर अखंड आनंद की प्राप्ति कराने वाला उनका समग्र सृजन, साखियां, बानियां, उलटबासियां, दोहे, बीजक आदि साहित्य प्रगतिशील समाज के लिए प्रेरणा की अमूल्य धरोहर है जिनका आध्यात्मिक रहस्य दुनिया के किसी भी धर्म ग्रंथ से कमतर नहीं है।

**(लेखक, मोटिवेशनल स्पीकर और पूर्व आईएएस हैं।)**

# जानिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की कहानी



हृदयनारायण दीक्षित

योग आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षटदर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतरराष्ट्रीय है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया। भारत के सभी क्षेत्रों व राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत है। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, ''शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।'' मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे।

मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, ''जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।'' मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इंद्र से कहते हैं, ''आपका मन हमारी ओर हो।'' (8.45.6) वैदिक देव इंद्र योग के विज्ञ थे। इंद्र की प्रशंसा में कहते हैं, ''आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।'' सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, ''आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।'' मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है। भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है। मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, ''हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापस बुलाते हैं।'' सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। उपकरण कार्यसिद्धि में सहायक हैं। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, ''यथाभिमत्ध्याना द्वा- जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, ''क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, ''समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है।'' योग सिद्धि में समय नहीं होता। समय शून्यता के बोध में दुख या सुख नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है।

योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि ''जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है।'' पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है- ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋतम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है।

भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरूपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जानना संन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है। यह अंधविश्वास नहीं है।

**(लेखक, उप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# सांस्कृतिक व बौद्धिक विरासत की पहचान बनेगा नालंदा विश्वविद्यालय!



मनोज कुमार अग्रवाल

हमारी संस्कृति पर कितना सुनियोजित तरीके से विदेशी आक्रान्ताओं ने सांप्रदायिक उन्माद के चलते नष्ट भ्रष्ट करने की कोशिश की नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर आज भी इस बर्बादी के गवाह हैं। लेकिन अब समय बदल रहा है 800 साल के लंबे इंतजार के बाद भारत की विरासत और दुनिया के पुराने यूनिवर्सिटी नालंदा विश्वविद्यालय का कायाकल्प हो चुका है। नालंदा विश्वविद्यालय अपने नए स्वरुप में उभरकर सामने आया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1600 साल पुराने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन 19 जून को किया है। बता दें, नालंदा विश्वविद्यालय का 1600 साल पुराना इतिहास रहा है। नालंदा विश्वविद्यालय तब से है जब ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज जैसे यूनिवर्सिटी अस्तित्व में भी नहीं आए थे।

नालंदा यूनिवर्सिटी का निर्माण गुप्त काल में किया 5वीं सदी में किया गया था। 7वीं सदी तक नालंदा यूनिवर्सिटी काफी प्रसिद्धि हासिल कर चुका था। नालंदा यूनिवर्सिटी बौद्ध मठ का हिस्सा था, जिसकी सीमा 57 एकड़ जमीन में फैली हुई थी।नालंदा यूनिवर्सिटी को ज्ञान का भंडार कहा जाता था। यहां इतनी किताबें थी, जिसे गिन पाना भी मुश्किल हो। 12वीं शताब्दी में बख्तियार खिलजी ने इसे जला दिया था। आज कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड जैसी यूनिवर्सिटी का बहुत नाम है, लेकिन इन विश्विद्यालयों के आने से 600 साल पहले नालंदा यूनिवर्सिटी बन चुका था।

यहां धार्मिक ग्रंथों के अलावा लिट्रेचर, थियोलॉजी, लॉजिक, मेडिसिन, फिलोसॉफी, एस्ट्रोनॉमी जैसे विषय का गहन अध्ययन कराया जाता था। कहा जाता है कि नालंदा यूनिवर्सिटी में जिन विषयों को पढ़ाया जाता था, उन विषयों के बारे में दुनिया के अन्य किसी विश्वविद्यालयों में नहीं पढ़ाया जाता था। इस विश्वविद्यालय को लेकर कई कहानिया कही जाती है। इनमें से एक ये है कि जब बख्तियार खिल्जी बीमार पड़ा था तो उसने यहीं पर अपना इलाज कराया था, लेकिन उसे इलाज पसंद नहीं आया और इस वजह से उसने पूरी यूनिवर्सिटी में आग लगा दी। महीनों तक यूनिवर्सिटी जलता रहा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। बता दें, नालंदा यूनिवर्सिटी दुनिया के पुराने विश्वविद्यालयों में से एक है। विश्वविद्यालय का खास इतिहास रहा है।

नालंदा विश्वविद्यालय ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रीज से 600 साल पुराना है। यहां ऐसे विषयों को पढ़ाया जाता है, जो दुनिया में अन्य कहीं नहीं पढ़ाया जाता था। भारत की ये धरोहर बख्तियार खिलजी के भेंट चढ़ गई। इस यूनिवर्सिटी में करीब 300 से ज्यादा कमरें थे। इसके अलावा 7 बड़े-बड़े हॉल भी थे। यहां की लाइब्रेरी सबसे खास थी।




कहा जाता है कि नालंदा विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी नौ मंजिल की थी, जिसका नाम धर्मगूंज था। 5वीं सदी में गुप्त काल के शासक सम्राट गुप्त प्रथम ने 5वीं सदी में इसका निर्माण कराया था। हालांकि, 12वीं सदी में बख्तियार खिलजी ने इसके पूरी तरह से बर्बाद कर दिया था। खिलजी ने इस विश्व विद्यालय में आग लगवा दी। यहां की लाइब्रेरी में इतनी किताबें थी कि तीन महीने तक ये जलता रहा। 7वीं सदी तक नालंदा यूनिवर्सिटी काफी प्रसिद्धि हासिल कर चुका था। नालंदा यूनिवर्सिटी बौद्ध मठ का हिस्सा था, जिसकी सीमा 57 एकड़ जमीन में फैली हुई थी। 20 देशों से स्टूडेंट्स आते थे पढ़ने यहां धार्मिक ग्रंथों के अलावा लिट्रेचर, थियोलॉजी, लॉजिक, मेडिसिन, फिलोसॉफी, एस्ट्रोनॉमी जैसे विषयों का गहन अध्ययन कराया जाता था। इस वजह से करीब 20 देशों के स्टूडेंट्स यहां पढ़ने के लिए आया करते थे। करीब 10 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स यहां पढ़ने के लिए आया करते थे। आर्यभट्ट ने नालंदा विश्वविद्यालय का नेतृत्व किया था। यहां के विद्वान और सर्वश्रेष्ठ प्रोफेसर चीन, कोरिया, जापान, इंडोनेशिया और श्रीलंका जैसे देशों में बौद्ध शिक्षाओं और दर्शन के प्रचार के लिए भेजे जाते थे। यहां की लाइब्रेरी में 90 लाख से ज्यादा हस्तलिखित, ताड़-पत्र पांडुलिपियां थी।

नालंदा यूनिवर्सिटी को ज्ञान का भंडार कहा जाता था। यहां इतनी किताबें थी, जिसे गिन पाना भी मुश्किल हो। 12वीं शताब्दी में बख्तियार खिलजी ने इसे जला दिया था। आज कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड जैसी यूनिवर्सिटी का बहुत नाम है, लेकिन इन विश्विद्यालयों के आने से 600 साल पहले नालंदा यूनिवर्सिटी बन चुका था। विश्वविद्यालय में 6 रिसर्च सेंटर हैं जिनमें बौद्ध अध्ययन, दर्शन और तुलनात्मक धर्म स्कूल; ऐतिहासिक अध्ययन स्कूल; पारिस्थितिकी और पर्यावरण अध्ययन स्कूल; और सतत विकास और प्रबंधन स्कूल शामिल हैं।

प्राचीन नालंदा के खंडहरों में मठ और शिक्षण संस्थान के पुरातात्विक अवशेष शामिल हैं। इसमें स्तूप, मंदिर, विहार (आवासीय और शैक्षणिक भवन) तथा प्लास्टर, पत्थर और धातु से बनी महत्वपूर्ण कलाकृतियां शामिल हैं। नालंदा भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय है।

पीएम मोदी ने एक पोस्ट में लिखा, "यह हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत खास दिन है। आज राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया जाएगा। नालंदा का हमारे गौरवशाली अतीत से गहरा नाता है। यह विश्वविद्यालय निश्चित रूप से युवाओं की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में बहुत मददगार साबित होगा।" नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना पांचवीं शताब्दी में हुई थी जहां दुनियाभर से छात्र अध्ययन के लिए आते थे। विशेषज्ञों के अनुसार, 12वीं शताब्दी में आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट किए जाने से पहले यह प्राचीन विश्वविद्यालय 800 वर्षों तक फलता-फूलता रहा।नए विश्वविद्यालय ने 2014 में 14 छात्रों के साथ एक अस्थायी स्थान से काम करना शुरू किया। विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य 2017 में शुरू हुआ। भारत के अलावा इस विश्वविद्यालय में जिन 17 अन्य देशों की भागीदारी है उनमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, चीन, इंडोनेशिया, लाओस, मॉरीशस, म्यांमार, न्यूजीलैंड, पुर्तगाल, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। भारत की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए नालंदा विश्वविद्यालय का पुनर्निर्माण मील का पत्थर साबित होगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जयपुर प्रथम जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम।** 21 जून। चिकित्सा विभाग की ओर से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ रवि शेखावत ने बताया कि निदेशालय से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार समस्त जिला अस्पताल, सेटेलाइट अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों और उप स्वास्थ्यकेंद्र स्तर तक योग सत्र आयोजित हुए।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार प्रातः 7 बजे से सभी चिकित्सा संस्थानों पर आमजन को योग के बारे में जानकारी दी गई और योगाभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया कि आमजन ने बड़ी संख्या में योग संबंधी गतिविधियों में उत्साह से भाग लिया और दैनिक जीवन मे योग को अपनाने का संकल्प लिया।

### शाहपुरा के बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित हुआ 10 वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)** शाहपुरा शहर स्थित बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यवाहक प्राचार्य राजेश कुमार वर्मा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाई प्रथम एवम् ईकाई द्वितीय द्वारा योगाभ्यास एवम् योग पर व्याख्यान तथा जीवन में योग का महत्व पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पुनर्दत्त मीना ने अपने व्याख्यान में बताया कि योग व्यक्ति के शारीरिक एवम् मानसिक विकास के साथ व्यक्ति को ऊर्जावान और निरोगी बनाता हैं। राजेश वर्मा ने स्वयं सेविकाओं को प्रकृति से जुड़ने का आ''ान किया। योगाभ्यास एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश बेनीवाल और स्वयं सेविका कोमल यादव द्वारा करवाया गया। योग क्रियाओं में कपालभाती, प्राणायाम, भ्रामरी, अनुलोम विलोम, बटरफ्लाई इत्यादि विभिन्न योगाभ्यास की क्रियाएं की गई। डॉ. बेनीवाल ने कहां कि योग भारतीय ज्ञान परंपरा का एक अनुपम ज्ञान है सदियों से पूरी दुनिया को मार्गदर्शित करता आ रहा है। हर व्यक्ति को रोजाना अपनी दिनचर्या में योग को अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए जिससे निरोगी और ऊर्जावान महसूस किया जा सके। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कार्मिक तथा स्वयं सेविकाएं उपस्थित रही।

### 9 वीं राष्ट्रीय स्तरीय जूनियर बालिका प्रतियोगिता में राजस्थान की बेटियों ने रचा इतिहास जीता कांस्य पदक



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) 21 जून !** राजस्थान रग्बी द्वारा आयोजित 9वी राष्ट्रीय स्तरीय जूनियर बालिका प्रतियोगिता में राजस्थान की बेटियों ने महाराष्ट्र को उनके ही घर में पराजित कर कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है !

राजस्थान रग्बी टीम के कोच जितेश कुमार ने बताया की पुणे के बालेवाड़ी स्टेडियम में 19-20 जून को आयोजित जूनियर बालिका नेशनल रग्बी प्रतियोगिता में राजस्थान की बेटियों ने महाराष्ट्र को उनके ही घर में पराजित कर कांस्य पदक जीता और राजस्थान का मान बढ़ाया !जितेश कुमार ने बताया की 9वीराष्ट्रीयस्तरीयजूनियरबालिका प्रतियोगिता सफर हुआ जिसमे पहले मैच में जम्मू कश्मीर को 64-0 से दूसरे मैच में मणिपुर को 57- 0 से तीसरे मैच में मध्य प्रदेश को 37-0 से चौथे मैच में तमिलनाडु को 27-00 से हराया जबकि सेमीफाइनल मैच उड़ीसा से जबरदस्त मुकाबले में 17- 12 से हारे तृतीय स्थान के मैच में मेजबान महाराष्ट्र को 7- 5 से हरा कर ब्रोंच मैडल जीता !इस अवसर पर राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के चेयरमैन पंडित सुरेश मिश्रा, सचिव कुलदीप सिंह राजावत, संयुक्त सचिव रविन्द्र सिंह धीरावत, अजित सिंह, गौरव कुमार, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सतेन्द्र सिंह व आशीष पराशर के साथ समस्त पदाधिकारी व जिला संघ ने विजेता बालिकाओं को दी बधाई।यह पहला अवसर था जिसमें राजस्थान रग्बी खेल में बालिका/महिला वर्ग में मेडल जीता है ! साथ ही कल जयपुर में होगा खिलाडियों का भव्य स्वागत।

---

जल्द ही होगी आमजन की राह सुगम और व्यवस्थित रूप से सुचारू

# जेडीए द्वारा आर.ओ.बी. सिविल लाईन्स 70 प्रतिशत सब-स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण

चमकता राजस्थान





**जयपुर!(खलील कुरैशी) 21 जून।** माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा यातायात सुधारीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य करवाये जा रहे है। जिससे आमजन की राह सुगम हो रही है। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि जेडीए द्वारा यातायात सुधारीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य के तहत जयपुर-दिल्ली एवं जयपुर-सवाई माधोपुर रेलमार्ग पर आर.ओ.बी सिविल लाईन्स का निर्माण करवाया जा रहा है।जेडीसी ने बताया कि जमनालाल बजाज मार्ग पर गर्डर लाँचिंग चल रही है एवं शीघ्र ही स्लैब का कार्य शुरू किया जायेगा। साथ ही रेलवे पोर्शन में पाईल का कार्य प्रगतिरत है। जैकब रोड पर 70 प्रतिशत सब-स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं आर.ई.वॉल का कार्य प्रगति पर है। जेडीए द्वारा कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के प्रयास किये जा रहे हैउल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जेडीसी मंजू राजपाल द्वारा निरंतर बैठक एवं मॉनिटरिंग करते हुए प्रोजेक्ट का कार्य तीव्रगति से निर्धारित समयावधि में पूर्ण किये जाने हेतु प्रयास किये जा रहे है।आर.ओ.बी की चौड़ाई 17.10 मी. एवं लम्बाई 706.00 मी. प्रस्तावित है। आर.ओ.बी में वायाडक्ट की लम्बाई 381.28 मीटर होगी, जिसमें 17 स्पान होंगे। रेलवे स्पान की लम्बाई 34.78 मी. तथा अन्य स्पान की लम्बाई 25.00 मी. होगी। साथ ही दोनों ओर 5.50 मी. सर्विस रोड़ का निर्माण कराया जायेगा इस आर.ओ.बी के निर्माण से जैकब रोड़ से जमनालाल बजाज मार्ग से यातायात का निर्बाध रूप से आवागमन होता रहेगा। जिससे एल.सी. बंद होने की स्थिति में जैकब रोड़, जमनालाल बजाज मार्ग, परिवहन मार्ग एवं सवाई प्रताप मार्ग पर जाम होने वाला यातायात सुगम हो जायेगा।

## वैर-हलैना थाना सीमा विवाद में फंसा पीडित युवक, मीडिया ने उठाया मामला उसके बाद हुआ मामला दर्ज

- **हथियार युक्त बदमाशों ने की लूटपात,चाकू से हमला कर नगदी की लूट**
- **हन्तरा-वैर सडक मार्ग पर बदमाशों ने की लूटपात**

चमकता राजस्थान



**वैर (राजवीर सिंह)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृह जिले तथा वैर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बहादुर सिंह कोली के निर्वाचन क्षेत्र में हन्तरा से वैर वाया जीवद-धरसौनी सडक मार्ग पर गुरूवार की देर रात हथियारयुक्त बदमाशों ने एक वाइक सवार युवक पर हमला कर नगदी लूट ली और चाकू से वार कर घायल कर दिया। पीडित युवक एवं उसके परिजन हलैना एवं वैर थाना सीमा विवाद के कारण मामला दर्ज कराने के लिए इधर से उधर भटकते नजर आए और अन्त में ये मामला मीडिया ने उजागर किया,उसके बाद पुलिस के आलाधिकारियों के आदेश पर हलैना थाना में लूट का दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। गांव ऊनापुर निवासी प्रेम सिंह जाट पुत्र तेज सिंह जाट ने बताया कि 20 जून की देर रात खेत से घर लौट रहा था,तभी हन्तरा से वैर सडक मार्ग निकटवर्ती एक डीजल पम्प से करीब आधा किमी दूर दो बदमाशों ने हमला बोल दिया। जिन्होने चाकू से वार कर घायल कर दिया और 8 हजार की राशि को लूट कर ले गए। बदमाशों ने मुझे मरा समझ कर सडक पर पटक कर फरार हो गए। एक राहगीर ने मेरी मदद की और परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजन एवं राहगीरों ने मुझे वैर के सरकारी अस्पताल में उपचार को भर्ती कराया। घटना की सूचना वैर थाना को दी,लेकिन वैर से मदद को पुलिस नही आई। वैर पुलिस का कहना था कि ये घटना हलैना थाना क्षेत्र की है। उन्हे ही सूचना दो। उसके बाद हलैना पुलिस को सूचना दी,सूचना पर हलैना पुलिस आई और घटना स्थल का निरीक्षण किया। जो घटना स्थल वैर थाना इलाका का था। उन्होने बताया कि वैर और हलैना थाना पुलिस ने रात भर परिजनों को इधर से उधर घुमाया और दूसरे दिन 22 जून को भी दोनो थाना की पुलिस ने दोपहर तक दुबारा से इधर से उधर घूमाया। उन्होने बताया कि मीडिया ने मामला उजागर किया। उसके बाद पुलिस के आलाधिकारियों के आदेश पर हलैना थाना में मामला दर्ज हुआ। हलैना पुलिस का कहना है कि घटना वैर थाना इलाका की है। उसके बाद भी ये मामला हलैना थाना में दर्ज किया गया। पीडित ने गांव ऊनापुर निवासी दो जनों को नामजद करते हुए लूट एवं चाकू से हमला कर घायल करने का आरोप लगा कर मामला दर्ज कराया है। वैर थाना के प्रभारी जनक सिंह गुर्जर ने बताया कि हन्तरा-वैर सडक मार्ग पर लूट की सूचना प्राप्त हुई,जो हलैना थाना क्षेत्र की है। पीडित ने हलैना थाना में मामला दर्ज करा दिया है।

## जयपुर मेट्रो में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन।

**चमकता राजस्थान/जयपुर 21 जून।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के मेट्रो डिपो स्थित परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमान महेश भुराडिया, (निदेशक, कंपनी मामलात), श्रीमान विवेक कुमार, (निदेशक, परिचालन एवं प्रणाली), श्रीमान अखिलेश सक्सेना (निदेशक, परियोजना), मेट्रो पुलिस एवं मेट्रो कार्मिकों ने एकत्र होकर योगाभ्यास किया।

इस योग शिविर कार्यक्रम में योग के महत्व के बारे में बताते हुए योग की विभिन्न मुद्राओं, विधियों व आसनों का अभ्यास श्रीमान अखिलेश सक्सेना (निदेशक, परियोजना) द्वारा करवाया गया साथ ही इस वर्ष की योगा थीम पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि योग स्वयं और समाज के मध्य संतुलन बनाने का बेहतर माध्यम है तथा योग शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है, यह शरीर को न केवल रोगमुक्त रखता है बल्कि मन को भी शांत करने में मदद करता है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री टी. रविकान्त ने योग शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संम्पन्न करवाने हेतु सभी को बधाई दी और बताया कि सेहत के साथ ही योग मानसिक शांति और एकाग्रता के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी को स्वस्थ व निरोग रहने के लिए योग को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

## अंतर्राष्टीय योग दिवस पर महिलाओं एवं पुरुषों ने किया योगा

- **योग करने से प्रत्येक व्यक्ति का स्वास्थ्य ठीक रहता है:- मोनिका सामोर**



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी '( सुमेर सिंह राव)।** कस्बे में खेल मैदान परिसर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया ' इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया ' अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उपखंड अधिकारी मोनिका सामौर ने बताया की योग करने से स्वास्थ्य स्वस्थ रहता है ' समय निकालकर हर व्यक्ति को योग करना चाहिए जिससे शरीर स्वस्थ रहता है ' योग शारीरिक मानसिक मजबूती भी प्रदान करता है ' वही उदयपुरवाटी पुलिस थाने में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर थानाधिकारी गोपाल लाल जांगिड़ ने पुलिस कर्मियों के साथ सुबह 7 बजे से 8 बजे तक योग किया तथा पुलिस के जवानों को योग करने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी '

## उपखंड अधिकारी अर्चना चौधरी के नेतृत्व में आयोजित हुई रात्रि चौपाल

चमकता राजस्थान



**श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)** श्रीनगर दिनांक 21 जून 2024 को ग्राम पंचायत श्री निंबार्क तीर्थ में उपखंड अधिकारी अर्चना चौधरी की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक स्तरीय विभागों के अधिकारी व ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे ।ग्रामीणों ने वक्त चौपाल अपनी समस्याएं रखी समस्याएं मुख्यतः बीसलपुर पाइप लाइन से नियमित जल आपूर्ति करने की आई जिस पर मौके पर ही उपखंड अधिकारी द्वारा जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता को पेयजल वितरण व्यवस्था व्यवस्थित करने के निर्देश दिए इसके साथ ही ग्रामीणों ने नरेगा का पेमेंट समय पर किए जाने, नरेगा कार्य स्थल पर मेडिकल किट, छाया ,पेयजल की व्यवस्था की मांग की तथा नरेगा कार्मिक को नियमित रूप से पंचायत में उपस्थित होने की मांग की, जिस पर मौके पर उपस्थित सहायक विकास अधिकारी नन्द किशोर कुमावत ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया ग्रामीणों ने ग्राम में मुख्य सड़क पर स्थित क्षतिग्रस्त नाले की मरम्मत व सफाई की मांग की, जिस पर पीडब्ल्यूडी के कनिष्ठ अभियंता को वर्षा पूर्व तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए,ग्रामीणों ने पंचायत में रोड लाइट लगाने व नियमित सफाई की मांग की इस दौरान पूर्व सरपंच किशनलाल जाट, सरपंच प्रतिनिधि राजाराम दायमा, रामदयाल लेगा, सत्यनारायण रेगर सहित ग्रामवासी सहित सहायख विकास अधिकारी नंदकिशोर कुमावत, गिरदावर संजय शर्मा, पटवारी अंजू मंडेल कनिष्ठ साहब चेनाराम चौधरी उपस्थित रहे इसी के साथ ही उपखण्ड अधिकारी अर्चना चौधरी,तहसीलदार अजीत सिंह बुंदेला,सहायक विकास अधिकारी नंदकिशोर कुमावत ने राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अधीन पैनोरमा का निरीक्षण किया और पैनोरमा के व्यवस्थित संचालन हेतु महाराज श्री से चर्चा आशीर्वाद लिया

# लवाज़मे के साथ निकलेगी गुरुग्रंथ साहिब की सवारी

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** श्री अकाल तख्त साहिब की सरपरस्ती में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा नेहरू नगर पानीपेच एवं शहर के समूह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के सहयोग से रविवार को सूरज मैदान आदर्श नगर में कीर्तन दरबार सजेगा। मुंबई के गुरप्रीत सिंह अपने प्रवचनों से संगत को निहाल करेंगे। कीर्तन में प्रदेश सहित यूपी, हरियाणा, पंजाब, एमपी से 50 हजार से अधिक संगत शामिल होंगे। इस दरबार में सुखमनी साहिब जी के पाठ एवं कीर्तन भी किया जाएगा। कार्यक्रम से जुड़े हरविंदर सिंह, हरचरन सिंह जेठरा व गुरमीत सिंह ने बताया कि कीर्तन शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक सूरज मैदान में होगा। शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर से जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब ज्ञानी रघुवीर सिंह, जत्थेदार तख्त श्री दमदमा साहिबं ज्ञानी हरप्रीत सिंह खालसा, शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष ज्ञानी हरजिंदर सिंह धामी एवं महासचिव राजिन्द्र सिंह मेहता तथा एस जी पी सी द्वारा मनोनीत धर्म प्रचार कमेटी राजस्थान के चेयरमैन भाई तेजिंदर पाल सिंह टिम्मा भी शिरकत करेंगे।

**● 70 ई -रिक्शा कार्यक्रम स्थल तक जाने के लिए लगेंगे**

» गुरुद्वारे, मंदिर समितियां तथा सामुदायिक केंद्र बाहर से आ रही संगत को ठहसने की सेवा करेंगे। गुरु नानक साहिब जी के वचन हैं– खत्री, ब्राह्मण, शुद्र, वैशय उपदेश चो वर्णा को सांझा... यह वचन इस कार्यक्रम में सच्चे होते दिख रहे हैं। कार्यक्रम 50 हजार वर्ग फीट पांडाल में आयोजित होगा। दशहरा मैदान के एक हिस्से में नि:शुल्क पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। 70 से अधिक ई–रिक्शा संगत को पार्किंग स्थल से सूरज मैदान में लाने के लिए तैयार रहेंगे। डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ, 6 एम्बुलेंस, 10 एलईडी स्क्रीन का इंतजाम किया गया है।

**● पानीपेच से सूरज मैदान पहुँचेगी शोभायात्रा**

» पानीपेच गुरुद्वारे साहिब के घनेंद्र सिंह, बलबीर सिंह कोचर, धर्मेन्द्र सिंह, गंभीर सिंह, योगेन्द्र सिंह ने बताया कि गुरुद्वारे साहिब गुरु नानक सत्संग सभा नेहरु नगर पानीपेच से शोभा यात्रा दोपहर 1 बजे से पांच प्यारों की अगुवाई में गुरु ग्रन्थ साहिब जी की सवारी कीर्तन करते हुए पूरे लवाजमे के साथ दशहरा मैदान होती हुई सूरज मैदान में 4 बजे पहुंचेगी। गुरु ग्रन्थ साहिब जी का उच्च स्थान पर प्रकाश किया जाएगा। पांडाल में शाम 5 बजे से श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ होंगे। 6.30 बजे सुखमनी साहिब के पाठ की समाप्ति के बाद अर्दास होगी एवं देग प्रसाद बरताया जाएगा। शाम 7 बजे बाद रहरास साहिब जी के पाठ और आरती होगी। मुंबई से आए हुए भाई गुरप्रीत सिंह के साथ कीर्तनी जत्था कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करेगा, अरदास उपरांत लंगर बरताया जाएगा। इस कीर्तन दरबार में सिख, पंजाबी, सिंधी तथा सभी समुदाय का भी सहयोग रहेगा।

## संक्षिप्त खबर

### मानसून पूर्व की बरसात का घरों में घुसा नालियों का पानी



**चमकता राजस्थान, चौहमला (रमेश मोदी)।** चौमहला कस्बे में सुबह हुई प्री मानसून की तीन घंटे हुई रुक रुक कर बरसात ने पंचायत प्रशासन की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी है नीचे मंडी वार्ड नम्बर 2 में नागरिको के मकानों में नालियों का गंदा पानी घुस गया ,वही रेलवे लाइन पर गेट नंबर 31 पर निर्माणाधीन अंडर पास ने पहली बरसात में ही भविष्य का आईना दिखा दिया ,इस अंडर पास को मार्च तक बनकर तैयार हों जाना था ,वो 6 माह बीत जाने के बाद भी धीमी गति से निर्माण कार्य होने से नही बन पाया है ,जिससे आम जनता को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है ,पहली बरसात में ही पानी से भर गया है ,वही वैकल्पिक मार्ग ओवरब्रिज होकर जाने वाला भी कच्चा बना हुआ है जो फिसलन भरा व कीचड़ युक्त हो गया है जंहा से वाहन चालकों को निकलने में भारी परेशानी हो रही है भारी वाहन के लिए भी परेशानी का सबब बन गया है।

### भरतपुर मॉम्स क्लब ने दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** योग केवल शरीर की कुछ मुद्राओं या आसन तक सिमित नहीं है। बल्कि यह हमें स्वस्थ और संतुलित जीवन जीना सिखाता है। यह हमें अपनी सांसें, विचारों और भावनाओं को नियंत्रित करना सिखाता है। इससे हम सभी परिस्थितियों में शांत रहना और अपना ध्यान केंद्रित करना सीखते हैं। योग बच्चों के लिए भी फायदेमंद है। यह बच्चों की एकाग्रता, याददाश्त और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही यह उनकी शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक जागरूकता को बेहतर बनाने में भी मदद करता है।कार्यक्रम में मॉम्स ग्रुप से बबिता जैन आशा अग्रवाल विनीत गुप्ता सीमा शर्मा रेनू गर्ग अनीता गुप्ता नीरू गर्ग रंजना शर्मा अनीता गुप्ता पूनम गुप्ता पूजा गर्ग रंजना शर्मा सीमा शर्मा सुनीता कुलश्रेष्ठ सपना आरती कृष्ण अल का गर्ग सुमन रजनी निशा आदि सदस्य मौजूद रहे अंत में सचिव सीलम सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया

### वन विभाग की कार्यवाही के दौरान अवैध लकड़ी से भरा हुआ ट्रक जब्त



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** उप वन संरक्षक धौलपुर वी. चेतन कुमार एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी धौलपर राजेश मीणा के निर्देशों में चलाये जा रहे! अभियान में गस्त के दौरान गुरूवार को अवैध परिवहन करते हुए, अवैध लकडी से भरा हुआ ट्रक धौलपुर से मनियां रोड़ तोर चौराहे पर वन विभाग द्वारा जब्त किया गया। उक्त कार्यवाही वनपाल मनियां नीलेन्द्र भदौरिया द्वारा की गई।

## शाहपुरा विधानसभा में बिजली पानी तथा बिगड़ती कानून व्यवस्था पर जमकर बरसे विधायक, कहा

# शीघ्र जनता की मूलभूत सुविधाओं का समाधान नहीं हुआ तो भुगतने होंगे गंभीर परिणाम

**1 घंटे तक उपखण्ड कार्यालय गेट के बाहर जमकर किया विरोध प्रदर्शन**



**चमकता राजस्थान**

**शाहपुरा!** शाहपुरा उपखण्ड परिक्षेत्र में बिजली, पानी व बिजली तथा कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विधायक मनीष यादव की अगुवाई में भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। और 1 घंटे तक उपखंड कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उपखंड कार्यालय के मुख्य गेट पर जब पुलिस व आरएसी के जवानो ने कार्यकर्ताओं को रोका तो कार्यकर्ताओं का गुस्सा उबल पड़ा। कार्यकर्ताओं के गुस्से को देखते हुए पुलिस व आरएसी बटालियन के जवानों ने कड़ी मशक्कत कर स्थिति को काबू में किया। विधायक मनीष यादव के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कृषि उपज मंडी से एसडीएम कार्यालय तक आक्रोश रैली निकाली। जिसमें कार्यकर्ताओं ने भजनलाल सरकार को आड़े हाथ लिया। कृषि उपज मंडी में आयोजित कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए विधायक मनीष यादव ने कहा कि वर्तमान में शाहपुरा क्षेत्र में बिजली व पानी की व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ी हुई है। बिजली की कटौती को लेकर आम जन परेशान हैं। गांव में रात को 4 से लेकर 5 घंटे तक कटौती की जा रही है। ऐसे में गर्मी की मार झेल रहे लोगों कोई राहत नहीं मिल रही है। लोगों की रात काटनी मुश्किल हो रही है। पेयजल की स्थिति बदतर है। उपखंड के अधिकांश गांवों मे पेयजल व्यवस्था राम भरोसे है। भाजपा शासन काल में शाहपुरा क्षेत्र में जल जीवन मिशन धरातल पर नहीं उतरता दिख रहा है। उन्होंने बिजली, पानी के साथ ही बिगड़ती कानून व्यवस्था पर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि अधिकारी जनता के सेवक हैं। मादक पदार्थो की तस्करी पुलिस की नाक के नीचे हो रही है। प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। बाइक चोरी व भेड़ बकरी तक की चोरी हो रही है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि उन्हें नौकरी न्याय के लिए मिली है आम लोगों को डराने के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि अगर व्यवस्थाएं शीघ्र नहीं सुधरी तो सड़क से लेकर विधानसभा तक संघर्ष करना पड़ेगा तो वे पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि सुधर जाओ वरना जनता आपको सुधार देगी।हमने संयम और अनुशासन की राजनीति करते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी कहा कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है वह हर समय उनके साथ हैं भाजपा के राज में जो अधिकारियों द्वारा दादागिरी की जा रही है उससे जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री से प्रदेश नहीं संभल पा रहा है। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी में क्षेत्र के किसी भी बांध को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने चेतावनी दी की शाहपुरा को ईआरसीपी प्रोजेक्ट में जोड़ना पड़ेगा चाहे हमें इसके लिए जान भी देनी पड़ेगी तो हम देंगे। विधायक ने कहा कि आज सिर्फ़ चेताना आया हू, किसी अधिकारी से वार्ता करने नहीं।इस दौरान घेराव में पंचायत समिति शाहपुरा प्रधान मंजू शर्मा, पूर्व चेयरमैन बद्री सैनी, पूर्व प्रधान नंद लाल गोठवाल, पूर्व चेयरमैन प्रेम देवी जाट पीसीसी सचिव प्रवीण व्यास, यूथ कांग्रेस जयपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष धर्मवीर पायला, प्रधान प्रत्यासी प्रतिनिधि मुकेश गुर्जर, सरपंच आजाद आसीवाल, गजानंद, रामनिवास, सरपंच प्रतिनिधि रवि ,मंगलचंद बुनकर, नेमीचंद सैनी, सुभाष बुनकर, मक्खन यादव, साधुराम, धर्मसिंह सुरज्ञान, पूर्व जिला पार्षद महेन्द्र चौधरी, उपप्रधान जेपी मान, पूर्व सरपंच जीवाराम गुर्जर, अुर्जन मोहनपुरिया, राधेश्याम बुनकर, नगरपालिका उप चेयरमैन राजेन्द्र सारण ,पार्षद घनश्याम सैनी, असलम कुरैशी विपिन बिहारी सैनी, रामवतार गुर्जर नगरपालिका पार्षद प्रतिनिधि ओमप्रकाश पूनिया, पंचायत समिति सदस्य शिवराम सराधना, भीमसिंह चौहान, मोहन मीणा, मनीषा बुनकर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि श्याम सिंह, मुरारी, व समदाराम भडाणा, नाथू सैनी, रामेश्वर बोरेठा, अलाउदीन खान, शभगवान टेलर, रामगोपाल रावत, कजोड फामडा, सीताराम ठुकारान, शंकर सैनी, नरपतसिंह, विनोद मीणा, भैरू बंगाली, मोठूराम, सुरेश मीणा, गोपाल सेपट, मुकेश खुडानिया, इमरान मलिक, जितेन्द्र शर्मा, किशन भारती, ओमप्रकाश लाम्बा, जगदीष दूण, रामेश्वर निर्मल, प्रभु अटल, कैलाश स्वामी, लोकेश मीणा, देवेन्द्र मितल, कानाराम धनवंत, हरि सैनी, राजपाल गुर्जर, कैलाश गुर्जर, राजेश, अंसार, शशिकांत, विजेन्द्र, विक्रम मौजूद रहे।

## भरतपुर रेंज आईजी एवं पुलिस अधीक्षक ने वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाये विशेष अभियान

**चमकता राजस्थान**



**धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी कोतवाली क्षेत्र के करीम कॉलोनी अलीगढ़ रोड गुमट बाड़ी से पुलिस कोतवाली पुलिस ने सट्टे की खाईवाली करते एक को किया गिरफ्तार दौरान अति० पुलिस अधीक्षक एडीएफ धौलपुर कमल किशोर जांगिड आरपीएस एवं वृत्ताधिकारी वृत्त बाडी नरेन्द्र कुमार के निकटतम सुपरवीजन में शिवलहरी मीणा पु०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना बाडी के नेतृत्व में बाडी पुलिस एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुये, दिनांक 20-06-24 की रात्री को करीम कोलोनी अलीगढ रोड गुमट बाडी के पास से सटटा की कार्यवाही करते हुये! आरोपी शहजाद पुत्र मुन्शी जाति मुसलमान उम्र 40 साल निवासी करीम कॉलौनी अलीगढ बाडी थाना बाडी जिला धौलपुर को गिर. किया गया है! जिसके कब्जे से 4150 रुपये सटटा राशि को बरामद किया गया है। जिस पर थाना हाजा पर मु. न. 271/24 धारा 13 आपीजीओ में दर्ज किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक रेंज भरतपुर, पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा आईपीएस द्वारा वांछित अपराधियो के विरूध्द चलाये जा रहे विशेष अभियान कोतवाली क्षेत्र के करीम कॉलोनी अलीगढ़ रोड गुमट बाड़ी से पुलिस कोतवाली पुलिस ने सट्टे की खाईवाली करते एक को किया गिरफ्तार दौरान अति० पुलिस अधीक्षक एडीएफ धौलपुर कमल किशोर जांगिड आरपीएस एवं वृताधिकारी वृत बाडी नरेन्द्र कुमार के निकटतम सुपरवीजन में शिवलहरी मीणा पु०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना बाडी के नेतृत्व में बाडी पुलिस एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुये, दिनांक 20-06-24 की रात्री को करीम कोलोनी अलीगढ रोड गुमट बाडी के पास से सटटा की कार्यवाही करते हुये! आरोपी शहजाद पुत्र मुन्शी जाति मुसलमान उम्र 40 साल निवासी करीम कॉलौनी अलीगढ बाडी थाना बाडी जिला धौलपुर को गिर. किया गया है! जिसके कब्जे से 4150 रुपये सटटा राशि को बरामद किया गया है। जिस पर थाना हाजा पर मु. न. 271/24 धारा 13 आपीजीओ में दर्ज किया गया है।टीम का विवरण - जीतेन्द्र सिंह एएसआई, रीतेश कुमार कानि० 512, कानि० 606, रूपेन्द्र कानि० मय डीएसटी टीम धौलपुरटीम का विवरण - जीतेन्द्र सिंह एएसआई, रीतेश कुमार कानि० 512, कानि० 606, रूपेन्द्र कानि० मय डीएसटी टीम धौलपुर।

## भाजपा नेत्री नीरजा ने की सीएम भजनलाल शर्मा सहित कई कैबिनेट मंत्रियों से शिष्टाचार मुलाकात

**चमकता राजस्थान**



**धौलपुर (रामदास तरुण)।** राजाखेड़ा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रही, भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित अन्य केबिनेट मंत्रियों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान भाजपा नेत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धौलपुर जिले के राजनीतिक हालात और राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख समस्याओं से अवगत करा उनके त्वरित समाधान का आग्रह भी किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रूख दिखाते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान बजट निर्माण को लेकर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु कुछ सुझाव व मांगपत्र भी मुख्यमंत्री को सौंपे। बताते चलें कि नीरजा अशोक शर्मा जिले के कद्दावर नेता रहे, स्वर्गीय अशोक शर्मा की पत्नी हैं! और अशोक शर्मा के निधन के बाद राजाखेड़ा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लडा,जिसमें उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा लेकिन चुनाव हारने के तुरंत बाद से ही राजनीति में सक्रिय रहकर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान और विकास के लिए काम कर रहीं,नीरजा शर्मा ने बहुत ही कम समय में अपनी मजबूत पहचान बनाई है! क्षेत्र की समस्याओं को लेकर हमेशा मुखर रहने वाली नीरजा शर्मा विधायक भले न बन सकीं लेकिन वे सकारात्मक रुख अपनाते हुए, क्षेत्र की समस्याओं और विकास को लेकर हमेशा चिंतित रहतीं हैं! और जयपुर में मंत्रियों व अधिकारियों के निरंतर संपर्क में रहकर क्षेत्र के लिए काम करती आ रहीं हैं। विगत दस दिनों से जयपुर प्रवास पर रही नीरजा शर्मा ने जनहित के मुद्दों को लेकर करीब एक दर्जन से अधिक मंत्रियों से भी मुलाकात कर संबंधित विभागों में क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की बेहतरी की मांग की है। नीरजा शर्मा ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा सहित कई केबिनेट मंत्रियों से मुलाकात की

## 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# स्वयं एवं समाज के लिए थीम पर जिले स्तर पर मनाया गया योग

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** वसुधैव कुटुंबकम कि थीम पर जिला स्तर पर दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह मचकुण्ड रोड़ स्थित परशुराम धर्मशाला पर प्रातः 7 बजे आयोजित हुआ, जिसमें जिला कलक्टर निधि बी टी, पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा सहित बडी संख्या में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, आर.ए.सी. के जवानों एवं आमजन द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सूक्ष्म योग क्रियाओं के साथ हुई। योग की शुरुआत में ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटि संचालन, घुटना संचालन इत्यादि क्रियाएं कराई गईं। चिकित्सा अधिकारी योग एवं प्राकृतिक अनुसंधान केन्द्र डॉ. त्रिलोक चन्द्र, पतंजलि से लाजपत शर्मा एवं दिनेश दीक्षित की टीम द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, शशकासन, वक्रासन, पवनमुक्तासन, सहित कपालभांति व अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि का अभ्यास कराया गया। इस दौरान जिला कलक्टर निधि बी टी ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीनतम विद्या है। इसकी साधना वस्तुतः शरीर, मन और आत्मा को शुद्ध करने की एक प्रक्रिया है।



स्वस्थ, तनाव मुक्त और अनुशासित जीवन के लिए योग का महत्व आज पूरा विश्व समझ रहा है। उन्होंने कहा कि कर्म में कुशलता ही योग है। योग न केवल हमारा स्वाभिमान बढाता है! बल्कि उपयोगी एवं आत्मनिर्भर बनाकर कौशल प्रदान करता है। योग करने से आत्मविश्वास बढ़ता है भावनात्मक बुद्धिमत्ता में सुधार, चिंता दूर करने में सहायक तथा मन भी शांत रहता हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य जीवन, तन और मन के लिए नियमित रूप से योगा करना चाहिए। योगाभ्यास से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. भरत सिंह झिरवार ने सभी अधिकारियों एवं आमजन का योगाभ्यास कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर संभागीय समन्वयक एवं वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद गर्ग ने बताया कि जिले में ब्लॉक स्तर, ग्राम पंचायत स्तर शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों, निजी संस्थानों, एनजीओ, स्थानीय प्रशासन द्वारा आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रमों में लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर जिला कलक्टर ने सभी को नियमित योग करने की शपथ भी दिलवाई। सत्र का समापन शान्ति पाठ से हुआ। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, सीईओ जिला परिषद सुदर्शन सिंह तौमर, डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. निरंजन शर्मा, डॉ. अनिल झा, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, उपाध्यक्ष धीरसिंह जादौन सहित आमजन एवं अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### श्रीनगर में 10वां ब्लॉक स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन



**चमकता राजस्थान, श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)।** श्रीनगर कस्बे के पटेल मैदान पर शुक्रवार को ब्लॉक स्त्रीय दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।। ब्लॉक नोडल अधिकारी वैध विनोद कुमार ने बताया कि योग प्रशिक्षक पप्पू यादव व विनय नामा एवं शारीरिक प्रशिक्षक कविता गहलोत ने प्रोटोकॉल के तहत निर्धारित प्रार्थना ग्रीवा, स्कंध, कटि व घुटने की चालन क्रियाएं, तथा खड़े होकर बैठकर तथा पेट के बल होने वाले योगासन करवाए। प्राणायाम की बारीकियां सीखाई। कपालभाति ध्यान एवं संकल्प तथा शांति पाठ करवाया गया। ब्लॉक स्तरीय समारोह में नसीराबाद उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव भी मौजूद रहे उन्होंने योग कार्यक्रम के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पढ़कर सुनाया। यादव ने उपस्थित जनों को दैनिक जीवन में नियमित रूप से योग को अपनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार रामनिवास गोदारा श्रीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह, आयुर्वेद विभाग से वैद्य हरेंद्र पाल सिंह वरिष्ट चिकित्सक वैद्य रेणुका फुलवरिया, आनंद रावत, भगवान राव, डो विनोद ब्लोक नोडल अधिकारी श्रीनगर, लक्ष्मी देवी, पूर्व सरपंच रामकरण यादव, पूर्व सरपंच सुनीता यादव, सरकारी विभागों के आधिकारिक कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी को शीतल छाछ एवं केले का अल्पाहार करवाया गया। योग करने पहुंचे कस्बे वासियों ने यहां सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर योग का संदेश दिया। फोटो पटेल मैदान पर योग का अभ्यास करते हुए नसीराबाद उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव।

### 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आगरा मंडल के रेल अधिकारियो और कर्मचारियो ने किया योग

**चमकता राजस्थान**



**आगरा (एजेंसी)।**10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के निर्देशन में आगरा मंडल में दिनांक- 21जून 24 को प्रातः 07:00 बजे से अधिकारी क्लब आगरा में योग दिवस मनाया गया! मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) प्रनव कुमार और सीपीएम एमपी सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया एवं योग की शपथ दिलाई गयी! 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिकारी क्लब में प्रातः 7 से 8 बजे तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए योग अभ्यास का आयोजन किया! स्काउट एवम गाइड के द्वारा योग पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया! स्वयं एवं समाज के लिए योग थीम पर 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग अभ्यास का आयोजन किया गया।मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल ने रेलकर्मियों को योग के प्रति जागरूक कर स्वस्थ रहने के लिये प्रेरित किया। उसके बाद योगाभ्यास किया गया` स्वस्थ और निरोगी जीवन के लिए रेल कर्मियों को योगाभ्यास हेतु प्रोत्साहित करने के लिए योग शिविर का आयोजित किया गया है। प्रत्येक रेल कर्मचारी एवम उनके पारिवारिक सदस्य भी प्रतिदिन योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में नियमित रूप से सम्मिलित करें, ताकि सभी कर्मचारी सपरिवार पूर्ण रूप से स्वस्थ रहकर पूर्ण मनोयोग से अपना कार्य कर सके! योग दिवस पर मंडल के आगरा छावनी में अधिकारी क्लब, मथुरा जं. पर और आगरा किला, राजा की मंडी स्टेशनपरऑडियो, विडियो, बैनर, पोस्टर, स्टेंडी आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। योग अभ्यास के अंत में योगाचार्य विजय बहादुर एसएसई (पीवे) मथुरा नार्थ को मंडल रेल प्रबन्धक द्वारा शॉल तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। योग अभ्यास शिविर में मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा ) प्रनव कुमार और सीपीएम एमपी सिंह, विभागाध्यक्षों सहित अधिकारीगण तथा कर्मचारीगणों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही

एक नजर

## किसानों को दिया असली बाजरा बीज क्रय का प्रशिक्षण




**चमकता राजस्थान। भरतपुर,(राजवीर सिंह)।** बारिश की शुरुआत होते ही किसान भाइयों के चेहरे खिल गये जिसके साथ किसान बाज़ार में बाजरा का संकर बीज ख़रीदने की सुरुवात कर चुके हैं । इसी क्रम में किसान को अच्छा बीज मिले जिसके लिये कृषि विभाग एवं प्रतिष्ठित कंपनियों ने किसानों को आगाह किया है । पायोनियर कंपनी के प्रतिनिधि डॉ विमल पांडेय के प्रतिनिधित्व में किसानों के लिए पूरे प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को अच्छे बीज के चुनाव के लिए भारत सरकार द्वारा अनुमोदित संकर प्रजाति 86एम84 का चुनाव करने की सलाह दी गई । यह बाजरा अन्य बाजरा बीजों की तुलना में ज़्यादा पैदावार एवं चारा देता है तथा जल्दी पककर तैयार भी हो जाता है जिससे किसानों को मंडी में जल्दी बाजरा बेचने में आसानी होती है । पायोनियर बीज के असली पैकेट की पहचान के बारे में भी बताया जिससे किसान असली पैकेट की पहचान करके बीज का चुनाव कर सकें । पायोनियर के पैकेट पर चाँदी की पट्टी, क्यू आर कोड, टोल फ्री नंबर, अदृश्य शब्द के द्वारा पहचान करके ही ख़रीदना चाहिए। इस प्रयोग को कंपनी द्वारा भरतपुर, दौसा, जयपुर, अलवर सहित पूरे राजस्थान में किसानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है । कॉर्टेवा पायोनियर द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे इस प्रयास को कृषि विभाग द्वारा भी प्रोत्साहित किया जा रहा है । वर्षा की गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक बताते हैं कि किसान भाइयों को अच्छी बरसात होने के बाद ज़मीन में उपयुक्त नमी होने पर ही बाजरे की फसल की बुवाई करनी चाहिए एवं मध्यम अवधि के बाजरे बीज की ही बिजाई करनी चाहिए ।

## आयुष विभाग द्वारा राज्य स्तरीय दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** आयुष विभाग एवं राजकीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय जयपुर,द्वारा राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का आयोजन सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में किया गया, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.कामिनी कौशल ने बताया की महाविद्यालय के संबंध चिकित्सालय में निरंतर योग की कक्षाएं स्वस्थ व्यक्ति एवं रोगों से ग्रसित रोगियों के लिए आयोजित की जाती है, राज्य स्तरीय समारोह में महाविद्यालय के 500 से अधिक योग साधकों द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुरूप विभिन्न प्रकार की योग मुद्राएं प्रस्तुत कर आमजन को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन यापन का संदेश दिया गया।

## जियो 2.69 करोड़ ग्राहकों के साथ राजस्थान में सबसे आगे, अप्रैल में 1.86 लाख नए उपभोक्ता जोड़े

● वायरलाइन सेगमेंट में भी जियो का शानदार प्रदर्शन




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** रिलायंस जियो ने राजस्थान में 30 अप्रैल, 2024 तक 2.69 करोड़ मोबाइल ग्राहकों के साथ अपनी शीर्ष स्थिति बरकरार रखी है। ट्राई की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल में जियो ने 1.86 लाख नए उपभोक्ता जोड़े और अन्य दूरसंचार ऑपरेटरों से बेहतर प्रदर्शन किया। भारती एयरटेल ने इस महीने 31,921 नए ग्राहक जोड़े, जबकि वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल ने क्रमशः 7,856 और 54,996 ग्राहक खो दिए।

वायरलाइन सेगमेंट में भी जियो ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया और 20,298 नए ग्राहक जोड़े। एयरटेल ने 4,715 नए ग्राहक जोड़े, जबकि वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल ने क्रमशः 120 और 3,349 ग्राहक खो दिए। वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में जियो का राजस्थान से राजस्व 32 करोड़ रुपये बढ़कर 1,490 करोड़ रुपये हो गया। एयरटेल का राजस्व 26 करोड़ रुपये बढ़कर 1,474 करोड़ रुपये हो गया, जबकि वोडाफोन आइडिया का राजस्व 7 करोड़ रुपये घटकर 501 करोड़ रुपये रहा। राजस्थान में वायरलेस सेवा का कुल ग्राहक आधार 30 अप्रैल, 2024 तक 6.64 करोड़ हो गया है। जियो के बाद, एयरटेल के 2.33 करोड़, वोडाफोन आइडिया के 1.06 करोड़ और बीएसएनएल के 55.07 लाख ग्राहक हैं। जियो का निरंतर अच्छा प्रदर्शन उसे राजस्थान के टेलीकॉम बाजार में सबसे आगे रखता है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ

# योग को लोकप्रिय बनाने के मोदी के प्रयास हो रहे फलीभूत : डॉ. यादव

● मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास
● अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी हुए शामिल




**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री निवास में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में योगाभ्यास किया और कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने विशिष्ट अतिथिगण और उपस्थित विद्यार्थियों एवं नागरिकों के साथ योग अभ्यास किया। योग दिवस में प्रमुख जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित थे। इनमें भोपाल संसदीय क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा, भोपाल की महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, भोपाल नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय राघवेंद्र कुमार सिंह, प्रमुख सचिव आयुष और स्कूल शिक्षा रश्मि अरुण शमी, जनसंपर्क आयुक्त संदीप यादव शामिल हुए। इस कार्यक्रम से प्रदेशभर में मंत्रिगण, सांसद, विधायक और आमजन जुड़े। प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा श्रीनगर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : 2024 को दिए गए संबोधन का श्रवण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि योग से व्यक्ति को शक्ति मिलती है। योग विद्या ही नहीं विज्ञान है। यह एकाग्रता लाने में सहायक है। मन की ताकत को बढ़ाता है। प्रधानमंत्री ने पूरे विश्व के योग प्रेमियों को और दुनिया के कोने-कोने में योग कर रहे लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्रसंघ में 10 वर्ष पूर्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को विश्व के 177 देशों ने समर्थन दिया था। योग से जुड़े नए-नए रिकार्ड बन रहे हैं। योग करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। कार्यक्रम को केंद्रिय आयुष राज्यमंत्री प्रताप राव जाधव ने भी संबोधित किया।

**प्रधानमंत्री मोदी ने बनाया योग को लोकप्रिय : मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योग का अर्थ जुड़ाव है। मन और आत्मा का जुड़ाव। आत्मा का चेतना से जुड़ाव और हमारे खान-पान, रहन-सहन और आचार-विचार से भी योग का संबंध है। इस नाते योग से इस वर्ष श्रीअन्न को भी जोड़ा गया है। योग को लोकप्रिय बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास फलीभूत हो रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र संघ में योग दिवस का प्रस्ताव रखा था, जिसे सवार्नुमति से सभी राष्ट्रों ने स्वीकार किया।

## विद्यार्थी अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करें: सुभाष

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष थीम ह्यमहिला सशक्तिकरण के लिए योगह्व पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम पं0 भृगुदत्त तिवारी ऑडिटोरियम में योग गुरु अंजनी कुमार दुबे के निर्देशन में आयुष प्रोटोकोल के तहत कराया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। योगाभ्यास के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष कहा कि योग सनातन ज्ञान के साथ-साथ सामान्य जीवन में उतारने वाली सांस्कृतिक विरासत है। विद्यार्थियों को अपने जीवन शैली में योग को आत्मसात करना चाहिए। वर्तमान परिस्थितियों में विभिन्न प्रकार की परिस्थितियों से संघर्ष करने में सहायता मिलती है और उन्होंने योग के अष्टांग मार्ग को पालन करने के लिए विशेष बल दिया। डीएवी कालेज के प्राचार्य प्रो. राजीव कुमार त्रिपाठी ने स्वागत भाषण के दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग हमारी सांस्कृतिक जीवन शैली है। योग को हर भारतीय को अपने घर में नियमित रूप से करना चाहिए जिससे वह निरोगी रहे स्वस्थ रहें और लंबी आयु को प्राप्त करे।

# रायसेन : भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर और विरासत है योग: नरेन्द्र शिवाजी पटेल

**रायसेन। एजेंसी**

योग हमारी भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर और विरासत है। आज पूरे विश्व में स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली का प्रतीक बन चुका है, यह हमारे लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप आज सम्पूर्ण विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग मानसिक शांति और स्थिरता प्राप्त करने में सहायक है। सभी नागरिकों को अपने जीवन में योग को अपनाकर स्वस्थ्य और खुशहाल जीवन की ओर कदम बढ़ाना चाहिए।



यह विचार लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने शुक्रवार को दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रायसेन स्थित वन परिसर में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने नागरिकों से आव्हान करते हुए कहा कि सभी योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। योग न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि हमारे मन और आत्मा को भी शांति और संतुलन प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रारंभिक आयु से ही योग का महत्व सिखाएं और उन्हें इसे अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करें। इससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास सुचारू रूप से होगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम -स्वयं और समाज के लिए योग- है। यह थीम संदेश देती है कि योग केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। योग हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन प्राप्त करने में मदद करता है, जिससे हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि भारत की प्राचीन विधा योग को प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी दुनिया में स्थापित किया है। आज समूचा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है। व्यक्ति को सुखी रहने के लिए स्वस्थ्य रहना जरूरी है और स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी है। सभी को अपनी जीवन शैली में योग को शामिल करना चाहिए। इससे निश्चित रूप से स्वस्थ्य रहेंगे और सुखी रहेंगे। योग से हमारी कार्य-क्षमता बढ़ती है। इसे जीवन के अभिन्न रूप में अपनाएँ। इससे स्वस्थ शरीर, प्रखर बुद्धि, सकारात्मकता और ऊर्जा प्राप्त होगी और हम जिले के, प्रदेष के विकास में अपना योगदान दे सकेंगे। योग स्वस्थ रहने का सबसे सशक्त माध्यम है।

## नियमित योग करें और "श्री अन्न" को आहार में शामिल करें : कृष्णा गौर

**भोपाल। एजेंसी**

दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हरदा के कृषि उपज मंडी प्रांगण में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर के मुख्य अतिथ्य में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम हुआ। राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम योगाभ्यास को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करें और ज्वार, बाजरा, मक्का, कोदों कुटकी जैसे मोटे अनाज को अपने आहार में शामिल करें तो हमेशा स्वस्थ रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा देश ऋषि मुनियों और संतों की तपोभूमि रहा है और योग की जन्मभूमि हमारा देश भारत ही है। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व योग को अपना रहा है। ऐसे में हम योग को न भूलें और नियमित योगाभ्यास करें। उन्होंने बताया कि आज से 10 वर्ष पूर्व



21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था, तब से हर वर्ष योग दिवस मनाया जाता है।

इस अवसर पर विधायक डॉ आरके दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, जिला पंचायत सीईओ रोहित, अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधियो ने भी योगाभ्यास किया।

## योग को जीवन का अंग बनाएं, तभी मिलेगा सार्थक परिणाम: बीएल मीणा

**उन्नाव। एजेंसी**

10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद के नोडल अधिकारी व प्रमुख सचिव, उद्यान एवं रेशम बीएल मीणा एवं जिलाधिकारी गौरांग राठी की उपस्थिति में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में योगाभ्यास कराया गया। इस मौके पर योग प्रतिभागियों एवं डिजाइनिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी ने जनपदवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग सिर्फ एक दिन का विषय नहीं है, हम इसे जीवन जीने का तरीका बनाएं, तभी इसके सार्थक परिणाम मिलेंगे। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित करते व सभी को योग दिवस की बधाइयां देते हुए कहा कि योग हम सबके लिए अत्यन्त लाभकारी है, इसको जीवन में ढालें। इस दौरान योगाचार्य राम प्रकाश द्विवेदी,



कविता यादव एवं वन्दना तिवारी द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित योग प्रतिभागियों को निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन व प्राणायाम कराए गए। साथ ही सभी योगासनों के अलग-अलग फायदे भी बताए गए। नोडल अधिकारी एवं जिलाधिकारी द्वारा सूर्य नमस्कार, ट्रेडिशनल योगा एवं आर्टिस्टिक सिंगल बालक वर्ग में अयन त्रिपाठी एवं नैतिक प्रजापति, नमस्कार बालिका वर्ग कंचन, अनन्या पाल एवं पुष्पा, ट्रेडिशनल योगा में माही, पुष्पा एवं अनमोलिका सिंह, डिजाइंनिग प्रतियोगिता में मानवी भारती, अर्पितएवं आर्यन आर्टिस्टिक सिंगल बालिका वर्ग में माही, पुष्पा एवं अंशिका साहू को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# तीन उपचुनाव के बाद कांग्रेस के विधायकों की संख्या 41 होगी : संजय

**शिमला। एजेंसी**

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि प्रदेश में तीन उप चुनावों के बाद प्रदेश में कांग्रेस विधायकों की संख्या 41 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का यह कहना कि तीन उप चुनावों के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी पूरी तरह से मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखना जैसा है है जो कभी पूरे नही होते। संजय अवस्थी ने शुक्रवार को यहां कहा कि कांग्रेस सरकार के पास इस समय भी पूर्ण बहुमत है। छह उप चुनावों में से 4 उप चुनावों में कांग्रेस ने अपनी जीत का परचम लहराया है और अभी भी कांग्रेस विधायकों की संख्या 38 है जो बहुमत से अधिक है। इसलिए भाजपा का यह कहना की तीन उप चुनावों के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है पूरी तरह भ्रामक



और तथ्यों से परे है।

● प्रदेश में कांग्रेस सरकार पूरी तरह मजबूत है और अपना कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा करेगी

संजय अवस्थी ने पार्टी कार्यकर्ताओं व लोगों से भाजपा के किसी भी दुष्प्रचार से आगह करते हुए कहा है कि प्रदेश में अब भाजपा का कोई भी षड्यंत्र सफल होने वाला नही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार पूरी तरह मजबूत है और अपना कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा करेगी। उन्होंने कहा है कि भाजपा ने तीन निर्दलीय विधायकों का राजनैतिक भविष्य पूरी तरह चौपट कर दिया है और अब वह भाजपा से कभी जीतने वाले नही। अवस्थी ने नालागढ़, हमीरपुर व देहरा ब्लॉक के पार्टी पदाधिकारियों से पूरी तरह चुनाव मैदान में डटने व भाजपा के किसी भी धनबल पर पूरी नजर रखने को कहा है।

उन्होंने कहा कि अगर कहीं पर भी ऐसा पाया जाता है तो इसकी सूचना उन्हें तुरंत प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के वॉर रूम के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पार्टी चुनाव प्रभारियों को देनी होगी। जिससे उपयुक्त कार्यवाही अमल में लाई जा सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा का लोकतंत्र से खिलवाड़ नही होने दिया जाएगा। प्रदेश में जनमत कांग्रेस के पास है और इन तीन उप चुनाव परिणामों के बाद प्रदेश में कांग्रेस सरकार ओर भी मजबूत होगी।

## हिजबुल्ला की धमकी इजराइल का कोई भी हिस्सा नहीं रहेगा हमले से सुरक्षित

बेरूत। इजराइल-हमास युद्ध के बीच हिजबुल्ला के नेता हसन नसरुल्ला ने धमकी दी है कि इजराइल का कोई भी हिस्सा सुरक्षित नहीं रहेगा। नसरूल्ला ने कहा है कि इजराइल के साथ अगर उनके संगठन का युद्ध हुआ तो उसकी कोई सीमा नहीं होगी। इजरायल पर सभी ओर से हमले होंगे और उसका कोई भी हिस्सा हिजबुल्ला के हमलों से अछूता नहीं रहेगा। नसरुल्ला ने साइप्रस के साथ भी युद्ध की बात कही है, जिसे साइप्रस ने खारिज कर दिया है। हिजबुल्ला नेता ने यह बात इजराइली हमलों में मारे गए संगठन के कमांडरों और लड़ाकों को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम में कही । नसरुल्ला ने कहा कि उनका संगठन सबसे मुश्किल दौर के लिए तैयार है। वह किसी भी स्तर का तनाव और टकराव झेलने के लिए भी तैयार है।

**योगाभ्यास** | **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने किया योग**

# योग जीवन को स्वस्थ-संतुलित रखने में निभाता है भूमिका : योगेन्द्र

**सहारनपुर। एजेंसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए विभिन्न जनपदों में मंत्रीगण और अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी क्रम में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सहारनपुर जनपद में आयोजित 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में किया और स्वयं भी योगाभ्यास किया।

● योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति के लिए भी महत्वपूर्ण है



योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है और यह हमारे जीवन को स्वस्थ और संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को योग के विभिन्न आसनों का महत्व बताया और इसके नियमित अभ्यास की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए ताकि हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 जून से 21 जून 2024 तक योग सप्ताह के रूप में मनाया गया, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग का लाभ पहुंचाना था। इस दौरान विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए गए। योग सप्ताह के दौरान, सहारनपुर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने एक सुर में योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

# अमेरिका ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत की हिमायत की

● अमेरिका-भारत घनिष्ठ आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध साझा करते हैं

**वाशिंगटन। एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत की हिमायत करते हुए अमेरिका ने कहा है कि दोनों देश स्वयं सीधे संवाद की दिशा तय करेंगे। अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के साथ संबंधों को महत्व देने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई। गुरुवार को अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने प्रेस वार्ता में कहा कि हम भारत-पाकिस्तान दोनों के साथ संबंधों को महत्व देते हुए दोनों



देशों के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका-भारत घनिष्ठ आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध साझा करते हैं। दोनों देश हिंद-प्रशांत रणनीति पर काम करने वाले भागीदार बने रहेंगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरे कार्यकाल पर बधाई दिए जाने पर अमेरिकी की प्रतिक्रिया के बारे में सवाल किया गया था। उल्लेखनीय है कि 10 जून को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी थी। साथ ही पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भी मोदी को बधाई देते हुए कहा था कि हालिया चुनाव में भाजपा की सफलता मोदी के नेतृत्व में लोगों के विश्वास को दशार्ती है। जिसके जवाब में पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर दोनों का धन्यवाद किया।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने 117 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं मानव व्यापार निषेध के सुदृढ़ीकरण के लिए 117 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने पुलिस वाहनों के लोकार्पण के पूर्व उनका निरीक्षण किया और उनकी कार्य प्रणाली के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। कार्यक्रम की शुरूआत में अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात सुधांशु कुमार ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### योग दिवस पर योगाभ्यास की रही धूम

**अररिया।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर अररिया जिला में योगाभ्यास की धूम रही। विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक,शैक्षणिक संगठनों के साथ साथ सरकारी और गैर सरकारी सरकारी संगठनों की ओर से विभिन्न स्कूलों,मैदानों और परिसर में योग दिवस पर योगाभ्यास किया गया। योग के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए आमजनों से योगाभ्यास कराया गया।कोशी योगा क्लब बथनाहा में योग गुरु शत्रुघ्न कुमार की अगुवाई में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कक्षा तीन की छात्रा राघवी प्रिया के द्वारा उत्कृष्ट योग प्रदर्शन किया गया। राघवी प्रिय बथनाहा थाना क्षेत्र के सोनापुर निवासी राज कुमार साह की पुत्री है और योग के विभिन्न विधाओं में महारत हासिल की हुई है। योग दिवस पर योगाभ्यास को लेकर सुबह से ही चहल पहल दिखी।

### अवधेश नारायण ने संभाला बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति का पद

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश नारायण सिंह ने बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति का पद संभाल लिया। तत्कालीन सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने लोकसभा चुनाव में सीतामढ़ी से विजयी होने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था। इसी कारण अब कार्यकारी सभापति के रूप में अवधेश नारायण सिंह को नई जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में शामिल 75 वर्षीय अवधेश नारायण सिंह लंबा राजनितिक अनुभव रखते हैं। पिछले चार दशकों से ज्यादा समय में वे राजनीति में सक्रिय हैं। अवधेश नारायण सिंह गया स्नातक क्षेत्र से विधान पार्षद हैं। वह पूर्व में भी विधान परिषद के सभापति की जिम्मेदारी संभाल चुके है। अवधेश नारायण सिंह तीन बार के एमएलसी हैं। वे नीतीश सरकार में अप्रैल 2008 से नवंबर 2010 तक श्रम संसाधन मंत्री भी रह चुके हैं।

### तेज रफ्तार बाइक से रील बना रहे युवक ने बच्चे को रौंदा

**नवादा।** तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए वीडियो बना रहे युवकों ने एक बच्चे की नवादा में जान ले ली। जिले में गोविंदपुर प्रखंड के अकबरपुर थाली रोड में यह हादसा हुआ। चार बाइक पर वीडियो बना रहे तेज रफ्तार बाइक चालकों ने एक बच्चे को रौंदा दिया। जिससे बच्चे की घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान दनियार गांव के चंदन मांझी के 7 वर्षीय पुत्र कार्तिक कुमार के रूप हुई है। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों द्वारा थाली थाना को घटना की सूचना दी गई। थानाध्यक्ष विकास चंद्र यादव व एस आई ललन कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया और शव को कब्जे में लेने की प्रयास किया। गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे को लेकर सड़क जाम कर दिया और सरकारी मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। बीडीओ नीरज कुमार राय घटनास्थल पर पहुंच कर सरकारी मुआवजे दिलवाने तथा परिवारिक लाभ के तहत बीस हजार रुपए देने की बात कही।

### मारवाड़ी कॉलेज में योग शिविर का आयोजन

**किशनगंज।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मारवाड़ी कालेज, किशनगंज में एन एस एस इकाई द्वारा शुक्रवार को एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य प्रो डॉ संजीव कुमार, सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी सहित एनएसएस स्वयंसेवकों व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में राष्ट्रीय स्तर के योग प्रशिक्षक सौरभ कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रथमतः लंबी श्वास लेने व छोड़ने की विधि का अनुपालन करवाकर वार्म अप कराया। इसके बाद बारी-बारी सभी सामान्य योगासन कराया। शिविर में अनुलोम-विलोम, कपालभाती एवं भ्रामरी योगासन की विधि सभी प्रतिभागियों ने ध्यान से सीखी। उर्दू विभागाध्यक्ष-सह-एन.एस.एस. पदाधिकारी डा कसीम अख़्तर ने कहा कि राज्यपाल-सह-कुलाधिपति के निर्देश पर योग शिविर का आयोजन किया गया है।

# नीट पेपर लीक कांड में गिरफ्तार आरोपितों की सुनवाई टली









एजेंसी

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में चार आरोपितों की शुक्रवार को पटना सिविल कोर्ट में एडीजे-5 ने सुनवाई करते हुए इस मामले में किसी को जमानत नहीं दी। एडीजी राजेन्द्र कुमार सिन्हा की अदालत ने पुलिस को अगली सुनवाई में एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी लाने की बात कहकर सुनवाई को टाल दिया। पटना सिविल कोर्ट के अधिवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नीट पेपर लीक मामले में अनुराग यादव, आयुष कुमार, नितीश पटेल और सिकंदर यादवेंदु की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी। एडीजी-5 ने सुनवाई करते हुए इस मामले में किसी को जमानत नहीं दी है। यह चारों आरोपित न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में 25 जून को अगली तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस को एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी लाने को भी कहा गया है। अगली सुनवाई में डायरी पेश की जाएगी। नीट पेपर लीक मामले में शास्त्री नगर थाने की पुलिस के द्वारा 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें सॉल्वर गैंग के सदस्य के साथ अभ्यर्थी भी शामिल थे। चार आरोपितों की आज जमानत याचिका पर पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद आरोपितों की जमानत पर कोर्ट ने कोई फैसला नहीं सुनाया है। साथ ही कोर्ट के द्वारा एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी मांगी गई है। नीट पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड सिकंदर यादवेंदु दानापुर में नगर आवास विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर पदस्थापित था। वह समस्तीपुर का रहने वाला है। इसकी मुलाकात अमित आनंद से हुई थी। इन्हीं दोनों ने मिलकर इतने बड़े एग्जाम का पेपर लीक करा दिया। मामले में गिरफ्तार सभी आरोपित पटना के बेऊर जेल में बंद हैं। पुलिस के कबूलनामे में इसने स्वीकार किया है कि इसके पास चार मई को ही पेपर लीक होकर आ गया था और उसी रात में अभ्यर्थियों को पेपर रटवा दिया था।

## शराब की तस्करी मामले में अभियुक्त को 5 साल की सजा



एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के सन्हौला में 2023 में शराब की तस्करी के मामले में पकड़े गए अमजद खान को विशेष न्यायाधीश उत्पादक कोर्ट-2 ने शनिवार को 5 वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा के बिंदु पर हुई सुनवाई में सरकार की ओर से शामिल हुए विशेष लोग अभियोजक भोला कुमार मंडल ने बताया कि 27 फरवरी 2023 को सन्हौला पुलिस ने सनन्हौला चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति शराब लेकर एक मोटरसाइकिल से सन्हौला बाजार की तरफ जा रहा है। वाहन चेकिंग के क्रम में भुड़िया मोड़ से एक मोटरसाइकिल तेज गति से आती दिखाई तो पुलिस ने उसे रोकने को कहा। पकड़े व्यक्ति अमजद खान के मोटरसाइकिल की तलाशी ली गई तो मोटरसाइकिल के दोनों तरफ डिक्की में 40 लीटर देसी शराब बरामद हुआ। सरकार की तरफ से विशेष शलोक अभियोजक भोला कुमार मंडल ने बहस में भाग लिया। विशेष लोक अभियोजक के सहयोगी अधिवक्ता राजेंद्र कुमार रवि, रंजन कुमार, संजीव कुमार शर्मा एवं अन्य थे।

## हार के दु:ख के साथ अधीर ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा



संवाददाता

**कोलकाता।** अटकलें तेज, क्या इस बार बंगाल कांग्रेस में अधीर जमाना का पतन अधीर की टिप्पणी से अटकलें कई गुना बढ़ गईं। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा कि अब प्रदेश कांग्रेस के बारे में अखिल भारतीय अध्यक्ष फैसला करेंगे। लोकसभा चुनाव में उनकी हार को राजनीतिक हलकों में बंगाली राजनीति में गिरावट माना जा रहा है। ऐसी अटकलें थीं कि अधीरर चौधरी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटना पड़ सकता है। शुक्रवार को विधान भवन में पार्टी के नतीजों की समीक्षा के लिए कांग्रेस कार्य समिति की एक विस्तारित बैठक आयोजित की गई। अधीर इस लोकसभा चुनाव में वाम दलों के साथ समझौता करने के इच्छुक थे। आरोप था कि पार्टी के कई लोग इस समझौते से सहमत नहीं थे। पार्टी का नतीजा साफ हो गया है, 5 बार के सांसद अधीर खुद हार गए हैं। इसके बाद से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर उनकी मौजूदगी को लेकर विवाद और असंतोष कई गुना बढ़ गया है। हालांकि, शुक्रवार की बैठक में अधीर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए मोस्ट वांटेड बताया गया।

## बेलुड़ मंदिर से गहनों की चोरी



संवाददाता

**कोलकाता।** बेलुड़ के शीतला मंदिर में चोरी चांदमारी नेताजी नगर स्थित इस मंदिर पर गुरुवार आधी रात एक बदमाश ने हमला कर दिया। कीमती आभूषण चोरी हो गये। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। पुलिस उस सुराग के आधार पर अपराधी को पकड़ने की कोशिश कर रही है। इस घटना से स्थानीय निवासी भयभीत हैं। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि बदमाश रॉड लेकर मंदिर में घुसा था। इसके बाद मुख्य द्वार में एक रॉड को टेढ़ा कर घुसा दी गई और मूर्ति को खींच लिया गया। इसके बाद उन्होंने उन्हें अपने पास खींच लिया और मूर्त्ति के शरीर से सारे गहने उतार दिए। पुलिस ने इस घटना की फुटेज जुटाकर जांच शुरू कर दी है। इस संदर्भ में ओसी अनिरुद्ध चट्टोपाध्याय ने कहा कि फुटेज में चोर चोरी करते दिख रही है। जिससे आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सकेगी।

लगभग पचास साल पुराने इस मंदिर की देखभाल में आरती कर्णधार लगे हुए हैं। उन्होंने कहा, "नियमित रूप से पूजा होती है, श्रद्धालु जुटते हैं। मंदिर में शनिदेव माता शीतला के साथ विराजमान हैं। देवी को भक्तों द्वारा दिए गए कई आभूषणों से सजाया गया था। मैंने नहीं सोचा था कि यह इस तरह चोरी हो जाएगा।ह्व हर दिन की तरह पूजा के बाद मंदिर बंद कर दिया गया। इसके बाद देर रात हुई चोरी की घटना से वह सन्न रह गये। मंदिर से सटा हुआ इलाका काफी आबादी वाला है। वहां कई दुकानें हैं। उनमें इस चोरी से स्वाभाविक रूप से हड़कंप मच गया। पंचायत सदस्य मीना साहा ने कहा कि इस तरह मंदिर में मूर्तियां फेंकने से दहशत फैल गयी है।

## गन एंड शेल फैक्टरी, काशीपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



संवाददाता

**कोलकाता।** एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड के अधीन गन एंड शेल फैक्टरी (जीएसएफ), काशीपुर, कोलकाता में दिनांक 21 जून, 2024 को समर्पण और उत्साह के साथ 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस वर्ष के लिए थीम स्वयं और समाज के लिए योग था, जिसमें शरीर और मन दोनों के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रातः काल जीएसएफ के कार्यकारी निदेशक राजेश कुमार पाण्डेय, आईओएफएस के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों और फैक्टरी कर्मचारियों ने योग शिविर में भाग लिया। आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, योग सत्र का संचालन प्रसिद्ध बॉडी बिल्डर और योग विशेषज्ञ सुव्रत संतरा ने किया, जो जीएसएफ के कर्मचारी भी हैं। प्रतिभागियों ने सिद्धासन, भुजंगासन, धनुरासन और शलभासन सहित कई आसनों का अभ्यास किया। राजेश कुमार पाण्डेय ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पूरे वर्ष योगाभ्यास के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर पाण्डेय ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। दरअसल, आने वाले सप्ताह में जीएसएफ परिसर में औद्योगिक कर्मचारियों सहित सभी स्तरों के कर्मचारियों के लिए अलग-अलग योग शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिविरों का तांता, स्वस्थ भारत अभियान की सफलता का लिया गया संकल्प



एजेंसी

**नवादा।** दसवावें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर नवादा में योग शिविरों का आयोजन कर स्वस्थ भारत मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। पतंजलि योगपीठ की ओर से नवादा के गांधी इंटर स्कूल ,भारतीय जनता पार्टी की ओर से आर्य समाज मंदिर ,कन्हाई स्कूल मैदान ,शोभा शिव मंदिर परिसर,अदर्शसिटी मैदान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से मिजार्पुर सूर्य मंदिर परिसर में योग शिविर का आयोजन कर स्वस्थ भारत मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया ।नवादा के सांसद डॉ विवेक ठाकुर ,प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अरविंद कुमार भाजपा नेत्री डॉ पूनम शर्मा,पत्रकार डॉक्टर साकेत बिहारी ,डॉ सुनील कुमार डॉ विकास कुमार ,पूर्व सिविल सर्जन डॉ विमल कुमार ,भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार मेहता, शिक्षाविद शैलेश कुमार ,वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार चुन्नू, नन्दकिशोर चौरसिया आदि ने योग शिविर में हिस्सा लेकर समाज में योग की महिमा को प्रचारित करने का भी संकल्प लिया ।सांसद विवेक ठाकुर ने योग के माध्यम से निरोग रहकर समाज की सेवा की बात कही ।इस दौरान जिला के सामाजिक कार्यकर्ता समाजसेवी शिक्षाविद नेता बुद्धिजीवी ने संसद के साथ योगासन में किए। नवादा सांसद विवेक ने कहा कि 10 साल पहले साल 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। तब से लेकर आज 10 वर्षों से 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है। उन्होंने सभी जिला वासियों को प्रत्येक दिन कम से कम अपने शरीर स्वस्थ रखने हेतु आधे घंटे योग करने का भी बातें कही। भारत माता के छवि पर नवादा पुष्पांजलि अर्पित कर समृद्ध भारत के निर्माण के लिए आम नागरिकों से सजग बनकर काम करने की भी बात कही गई। अंतरीय राष्ट्रीय योग दिवस पर पूर्व बैंक प्रबंधक सुबोध कुमार ने एक्यूप्रेशर के माध्यम से निरोग भारत मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## राज्यपाल ने राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**कोलकाता।** राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य में कानून-व्यवस्था की गिरावट पर उचित कार्रवाई करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था खराब हो गयी है। मतदान के बाद राज्य में कई जगहों पर हिंसा देखने को मिली। विपक्षी पार्टी के कार्यकताओं पर हमले की घटनाएं हुई हैं। इस बीच विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी कार्यकताओं के साथ राजभवन में राज्यपाल से मिलने पहुंचे। लेकिन उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। राजभवन के गेट पर पुलिस ने रोक दिया। राज्यपाल खुद कार्यकताओं से मिले। बोस ने स्वयं शिकायत की कि राजभवन में कोलकाता पुलिस के पहरे में वे सुरक्षित महसूस नहीं करते। इसके बाद बोस ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा।

## कोयला तस्करी मामले में सीबीआई ने ईसीएल के दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया





एजेंसी

**कोलकाता।** कोयला तस्करी की जांच के सिलसिले में सीबीआई ने गुरुवार को ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (ईसीएल) के अधिकारी और एक सिविल ठेकेदार को केंद्रीय एजेंसी ने गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को केंद्रीय एजेंसी की टीम गिरफ्तार दोनों लोगों को लेकर निजाम पैलेस से आसनसोल स्थित विशेष सीबीआई अदालत के लिए रवाना हुई है। ईसीएल काजोरा क्षेत्र के जीएम (आईईडी) नरेश चंद्र साहा और पेशे से सिविल कॉन्ट्रैक्टर अश्विनी कुमार यादव को कोलकाता के निजाम पैलेस स्थित सीबीआई कार्यालय में पूछताछ के लिये बुलाया गया था। केंद्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक इनसे देर रात तक पूछताछ हुई और बयानों में विसंगतियों के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार को गिरफ्तार लोगों को लेकर खुद सीबीआई के एसपी उमेश कुमार कोर्ट पहुंचे हैं। इन्हें हिरासत में लेने की अर्जी लगाई गई है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक इन दोनों को कोयला तस्करी मामले में संलिप्तता के चलते गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक ईसीएल अधिकारी पर कोयला मामले के आरोपितों में से एक अनूप मांझी उर्फ लाला से पैसे लेने का आरोप है। इसके अलावा आरोप है कि सिविल ठेकेदार अवैध कोयला सिंडिकेट की आपूर्ति कर रहा था। इसीलिए केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार किया है। कोयला तस्करी मामले में तीन जुलाई को आसनसोल सीबीआई कोर्ट में अंतिम आरोप गठित किया जाएगा। जांच में अब तक चार्जशीट में नामित 34 लोगों में से इन दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह – जगह हुए कार्यक्रम

एजेंसी

**भागलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लेकर शनिवार को जिले भर कई जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

● साथ ही साथ वैश्विक पटल पर भारत की ये धरोहर पहुंचाना योग हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ने का एक तरीका है की रूबरू कराना है।



मुख्य कार्यक्रम शहर के सैंडीस कंपाउंड मैदान में हुआ। जहां काफी संख्या में लोगों ने एकजुट होकर योगाभ्यास किया। योगाभ्यास कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी और सांसद अजय कुमार मंडल भी शामिल हुए। इनके अलावा जिला प्रशासन एवं शहर के कई गणमान्य लोग भी इस योग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जिलाधिकारी ने योग की महत्व पर प्रकाश डाला और सांसद अजय मंडल ने लोगों को नियमित योग करने की सलाह दी। उधर 2 बिहार गर्ल्स बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल दिनेश कुमार पाठक के दिशा निर्देशन में एस एम कॉलेज भागलपुर के प्रांगण में सूबेदार बॉगल एस के, सीनियर जी सी आई कुमारी, मेजर रीता मिश्रा, सी टी ओ डॉक्टर सुप्रिया शालिनी, पी आई स्टाफ तथा सैकड़ों एनसीसी कैडेटों आदि के साथ एक योग कार्यक्रम प्रातः छः बजे से आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि हर साल 21 जून को पूरा देश ही नहीं दुनिया में भी कई जगहों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 का थीम है स्वयं और समाज लिए योग की जरूरत। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य, योग के लाभ और हजारों तरह के योग के फायदे से लोगों को रूबरू कराना है। दुनिया को योग के प्रति जागरूक करना है। साथ ही साथ वैश्विक पटल पर भारत की ये धरोहर पहुंचाना। योग हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ने का एक तरीका है। यह जीवन जीने का एक तरीका है जो हमें शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से स्वस्थ रहने में मदद करता है। योग केवल शरीर की कुछ मुद्राओं या आसन तक सिमित नहीं है। बल्कि यह हमें स्वस्थ और संतुलित जीवन जीना सिखाता है। यह हमें अपनी सांसें, विचारों और भावनाओं को नियंत्रित करना सिखाता है। योग बच्चों के लिए भी फायदेमंद है। यह बच्चों की एकाग्रता, याददाश्त और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है।

## योग हमें जीने की कला सिखाती हैं : कार्यवाहक कमान्डेंट





एजेंसी

**पूर्वी चंपारण ।** जिले में पीपरा कोठी स्थित 71वीं वाहिनी एसएसबी कैम्प में शुक्रवार को कार्यवाहक कमांन्डेट दिनेश कुमार ममोत्रा के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर एसएसबी के अधिकारियों जवानों व बड़ी संख्या में जुटे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने पिपराकोठी खेल मैदान में योगाभ्यास किया। मौके पर कमांन्डेंट ममोत्रा ने बताया कि योग कर के हम अपने शरीर को निरोग रख सकते हैं साथ ही एक स्वस्थ व खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकते हैं। वर्तमान समय मे लोग धीरे धीरे तनाव व मानसिक विकृतियां जैसी रोगों से ग्रसित होते जा रहे है जिसे हम निरंतर योग कर सही कर सकते हैं। इस अवसर पर एसएसबी के जवानों ने मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 25 बिहार बटालियन के एनएनसी कैडेट्स के साथ संयुक्त रूप से योगाभ्यास कर लोगो को जागरूक किया। इस दौरान 45 मिनट के योगाभ्यास में लगभग दो दर्जनों से ज्यादा योगासन जैसे सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, अनुलोम विलोम, मण्डुकासन,भ्रामरी, कपाल भांति, त्रियकासान इत्यादि किया गया। भारत- नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित एसएसबी सीमा चौकियों में भी ग्रामीणों के साथ मिल कर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर दिनेश ममोत्रा, विश्वजीत तिवारी उप कमान्डेंट,भाग सिंह सहायक कमान्डेंट, निरीक्षक किशन सिंह, सुरेंद्र सिंह ,रजनीश कुमार, सुकांता सिन्हा, हरदेव सिंह, संदीप कुमार,योग गुरु मुख्य आरक्षी अंगद सिंह और बड़ी संख्या में जवान और ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर

### विश्व एथलेटिक्स मीट : शैली सिंह ने रजत एल्डोज पॉल ने जीता कांस्य




**नई दिल्ली।** लम्बी कूद एथलीट शैली सिंह ने गुरुवार को स्लोवाकिया के कोसिसे में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (कांस्य स्तर) जेबीएल जंप फेस्ट में रजत पदक जीता। 20 वर्षीय शैली ने पांचवे राउंड में 6.43 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर छह एथलीटों में दूसरा स्थान प्राप्त किया। बुल्गारिया की प्लामेना मितकोवा ने 6.70 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता, जो एक नया रिकॉर्ड है। पुरुषों की ट्रिपल जंप में एल्डोज पॉल ने कांस्य पदक जीता, जबकि प्रवीण चित्रावेल छह प्रतिभागियों में अंतिम स्थान पर रहे। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता एल्डोज 16.45 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि प्रवीण 15.87 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करके छठे स्थान पर रहे। क्यूबा के लाजारो मार्टिनेज ने 16.88 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। तीनों भारतीय 27 से 30 जून तक पंचकूला में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे। ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र 30 जून को समाप्त होगा।

### भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के करीब



**नई दिल्ली।** प्रियांश ने कंपाउंड डिवीजन में व्यक्तिगत पदक जीतने की अपनी संभावनाओं को जीवित रखा है, जबकि भारतीय पुरुष और महिला रिकर्व टीमें गुरुवार को तुर्की के अंताल्या में तीरंदाजी विश्व कप चरण-3 के तीसरे दिन के अंत में ओलंपिक बर्थ के लिए रेस में बनी हुई हैं। प्रियांश कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय तीरंदाज थे। अद्भुत निरंतरता दिखाते हुए, प्रियांश ने जर्मनी के सेबेस्टियन हैमडॉर्फ को 149-141, मैक्सिको के जुआन डेल रियो को 149-149 (शूट-ऑफः 10-9), हमवतन प्रथमेश फुगे को 149-148 और तुर्की के बटुहान अक्काओग्लू को 149-147 से हराया। अंतिम-चार में उनका सामना डेनमार्क के मैथियास फुलर्टन से होगा। वहीं, अभिषेक वर्मा को अक्काओग्लू ने 148-146 से हराया। महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में वी. ज्योति सुरेखा तीसरे राउंड में इटली की एलिसा रोनेर से 147-145 से हार गईं। अदिति स्वामी को पाओला रामिरेज गोंजालेज ने 142-140 से हराया।

### पेरिस ओलंपिकः आईएसएसएफ की मंजूरी के बाद श्रेयसी भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल



**नई दिल्ली।** अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया है। कोटा अदला-बदली के लिए खेल की वैश्विक नियामक संस्था अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के मंजूरी की जरूरत थी। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने आईएसएसएफ से हरी झंडी मिलने के बाद यह घोषणा की, जिसने एनआरएआई के कोटा स्वैप के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। चूंकि मनु भाकर एयर पिस्टल और स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों में शीर्ष पर रहीं, इसलिए कोटा स्थानों में से एक को महिला ट्रैप शूटर के लिए बदल दिया गया, जिससे श्रेयसी को टीम में शामिल किया गया। 32 वर्षीय श्रेयसी, राजेश्वरी कुमारी के साथ महिला ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी।

# सबसे अच्छी तैयारी भी विफल हो सकती है, लेकिन मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी : मीराबाई

**नई दिल्ली। एजेंसी**

मीराबाई चानू दो ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय भारोत्तोलक बनने से एक पदक दूर हैं। टोक्यो 2020 की रजत पदक विजेता का कहना है कि पेरिस ओलंपिक में सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह खुद को चोट से कितना बचा पाती हैं और तकनीकी बारीकियों को कैसे सुधार पाती हैं। उन्होंने कहा कि इस बार 49 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा बहुत कठिन होने वाली है। पटियाला में नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में साई मीडिया से बातचीत में, पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई ने कहा कि अब से लेकर 7 अगस्त तक, जिस दिन पेरिस में भारोत्तोलन प्रतियोगिता शुरू होगी, के बीच का समय मेरे शरीर की सभी मांसपेशियों को संभालने और स्नैच में कम से कम 90 किलोग्राम वजन उठाने की तकनीक में सुधार करने के लिए समर्पित होगा।

स्नैच में मीराबाई का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88 किलोग्राम है, जिसके दम पर उन्होंने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 201 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता था, जिसमें क्लीन एंड जर्क में 113 किलोग्राम वजन उठाना भी शामिल था। पेरिस 2024 मीराबाई चानू का तीसरा ओलंपिक होगा। रियो 2016 में खराब शुरूआत के बाद, 30 वर्षीय मणिपुरी ने वैश्विक



प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन के साथ प्रभावशाली वापसी की। मीराबाई 2017 में विश्व चैंपियन बनने वाली 22 वर्षों में पहली भारोत्तोलक बनीं। उन्होंने गोल्ड कोस्ट में 2018 में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता और 2019 विश्व चैंपियनशिप में पदक से चूकने के बाद, मीराबाई ने चीन में 2020 एशियाई चैंपियनशिप में क्लीन एंड जर्क में, चीन के निंगबो में 119 किलोग्राम वजन उठाकर इतिहास रच दिया। यह एक विश्व रिकॉर्ड था।

चोटें मीराबाई के लिए लगातार परेशानी का सबब बनी हुई हैं। टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक रजत पदक जीतने के बाद से ही उन्हें कई चोटों का सामना करना पड़ा है। हांग्जो एशियाई खेलों में कूल्हे की चोट के कारण मीराबाई पांच महीने तक मैदान से बाहर रहीं। अपने भरोसेमंद अमेरिकी फिजियो डॉ. आरोन होर्शिग और कोच विजय शर्मा के साथ चोटों का प्रबंधन करना उनकी सबसे बड़ी चुनौती रही है।

पेरिस 2024 के मद्देनजर मीराबाई इस साल अपनी प्रतियोगिताओं को लेकर काफी सतर्क रही हैं। 2024 में उन्होंने केवल एक प्रतियोगिता - विश्व कप - में हिस्सा लिया और 184 किलो वजन उठाकर 12वें स्थान पर रहीं। हालांकि, पेरिस में जगह पक्की करने के लिए यह काफी था। मीराबाई ने कहा एशियाई खेलों में चोट लगने के बाद, विश्व कप मेरी पहली प्रतियोगिता थी। मैं निश्चित रूप से एक और चोट लगने के बारे में आशंकित थी।

मैं पेरिस में अपने मौके को बर्बाद नहीं करना चाहती थी। इसलिए, हां, चोट लगने का डर था। मेरे लिए, चोट प्रबंधन और तनाव मुक्त रहना महत्वपूर्ण होगा। मुझे वो चीजें करनी होंगी जो मुझे ठीक होने में मदद करें। चोटें और दर्द हमारे साथी हैं। आप कभी नहीं जानते कि वे कब हमला करेंगे। हमें उन पर विजय प्राप्त करनी है और पेरिस ओलंपिक मुझे बताएगा कि मैंने खेल के इन पहलुओं को कितनी अच्छी तरह से प्रबंधित किया है। मीराबाई और उनकी टीम जुलाई के पहले सप्ताह में फ्रांस के ले फर्टे-मिलन के लिए रवाना होंगी।

# टी-20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले सातवें और दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बने पैट कमिंस

- ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया
- बांग्लादेश ने 20 ओवरों में 8 विकेट पर 140 रन बनाए

**एंटीगुआ। एजेंसी**

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने शुक्रवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर 8 मुकाबले में हैट्रिक लेकर एक विशेष उपलब्धि हासिल कर ली है। कमिंस टी-20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले सातवें और दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गए हैं, वहीं टी-20 विश्व कप 2024 में यह पहली हैट्रिक है। पैट कमिंस के पहले दो विकेट 18वें ओवर के पांचवें और छठे गेंद पर आए- दोनों ही विकेट हार्ड लेंथ गेंदों पर मिले। महमुदुल्लाह ने पहले कमिंस को पुल करने की कोशिश की, और गेंद को वापस स्टंप पर खेल दिया, इससे पहले महेदी हसन ने कमिंस की गेंद को सीधे डीप थर्ड पर तैनात फील्डर के हाथ में मार दिया। फिर उन्होंने अंतिम ओवर की शुरूआत में धीमी गेंद पर खतरनाक तौहीद ह्रदय को आउट किया। ह्रदय ने उन्हें कंधे के ऊपर से स्कूप करने की कोशिश की, लेकिन कमिंस ने उन्हें चकमा दे दिया, और बल्लेबाज ने शॉर्ट फाइन लेग पर आसान सा कैच फील्डर को दे दिया। इससे पहले केवल ब्रेट ली ने ऑस्ट्रेलिया के लिए हैट्रिक ली थी - वह भी बांग्लादेश के ही खिलाफ। ब्रेट ली ने 2007 में शाकिब अल हसन, मशरफे मुर्तजा और आलोक कपाली को आउट कर हैट्रिक पूरी की थी।



मैच की बात करें तो इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया।

बांग्लादेश ने 20 ओवरों में 8 विकेट पर 140 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने 41 और तौहीद ह्दोय ने 40 रन बनाए। इन दोनों के अलावा लिटन दास ने 16 और तस्कीन अहमद ने 13 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस ने तौहीद ह्रदोय, महमुदुल्लाह और महेदी हसन को आउट कर हैट्रिक ली। कमिंस के अलावा एडम जाम्पा ने 2, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल स्टार्क ने 1-1 विकेट लिया।

### आईसीसी टी-20 विश्व कप में हैट्रिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची-

- 2007 ब्रेट ली ऑस्ट्रेलिया बांग्लादेश
- 2021 कर्टिस कैंफर आयरलैंड नीदरलैंड
- 2021 वानिंदु हसरंगा श्रीलंका दक्षिण अफ्रीका
- 2021 कागिसो रबाडा दक्षिण अफ्रीका इंग्लैंड
- 2022 कार्तिक मयप्पन यूएई श्रीलंका
- 2022 जोश लिटिल आयरलैंड न्यूजीलैंड
- 2024 पैट कमिंस ऑस्ट्रेलिया बांग्लादेश

### यूरो 2024: डेनमार्क ने इंग्लैंड से ड्रा खेला

**बर्लिन।** स्पेन ने गुरुवार को यूरो 2024 ग्रुप चरण के दूसरे दौर में ग्रुप बी के मुकाबले में रिकार्डो कैलाफियोरी के आत्मघाती गोल से इटली को हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया, जबकि इंग्लैंड ने डेनमार्क से 1-1 से ड्रा खेला। मैच में इंग्लैंड ने जोरदार शुरूआत की और मैच के 18वें मिनट में हैरी केन ने गोल कर अपनी टीम का खाता खोला। हालांकि मैच के 34वें मिनट में मोर्टेन हुल्मंड के गोल से डेनमार्क ने 1-1 की बराबरी हासिल कर ली और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। ग्रुप सी के दूसरे मुकाबले में सर्बिया ने लुका जोविक के इंजरी टाइम में किये गए गोल कर बदौलत स्लोवेनिया के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला। स्लोवेनिया के लिए बेंजामिन सेस्को ने 69वें मिनट में गोल किया था। इन नतीजों के साथ, ग्रुप सी में इंग्लैंड (4 अंक) शीर्ष पर बना हुआ है, उसके बाद डेनमार्क, स्लोवेनिया (दोनों 2 अंक) और सर्बिया (1 अंक) का स्थान है। ग्रुप बी में, स्पेन ने लगातार दूसरी जीत हासिल करके अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है। स्पेन ने एकतरफा मुकाबले में दबदबा बनाए रखा, लेकिन उन्हें गोल करने में कोई सफलता नहीं मिली, हालांकि दूसरे हाफ में इटली को उस समय झटका लगा, जब 55वें मिनट में कैलाफियोरी के आत्मघाती गोल की बदौलत स्पेन ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

### रिकी पोंटिंग ने पैट कमिंस को आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर की ट्रॉफी प्रदान की

**एंटीगुआ।** ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने शुक्रवार को (भारतीय समयानुसार) सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में स्टार ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस को आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार प्रदान किया। आईसीसी हॉल ऑफ फेमर और 2006 और 2007 में इसी सम्मान के विजेता पोंटिंग ने अपने हमवतन कमिंस को 2023 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी प्रदान की। कमिंस ने बतौर कप्तान 2023 में अपने देश को एकदिनी विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाया। दोनों ही मौके पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया। उन्होंने 2023 में 27.50 की औसत से 42 टेस्ट विकेट लिए, 254 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने उनके नेतृत्व में भारत में एक टेस्ट जीता और घर से दूर एशेज बरकरार रखी। कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### भारत ने जीत से की सुपर-8 की शुरुआत



**बारबाडोस। एजेंसी**

वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जा रहे टी20 विश्वकप में भारत ने सुपर-8 में अपना पहला मुकाबला आसानी से जीत लिया है। इस मैच में भारतीय टीम ने अफगानिस्तान को 47 रनों से मात दी है।

टीम की जीत में मध्यक्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन, खासकर सूर्यकुमार यादव का तेजतर्रार अर्धशतक, रहा, वहीं गेंदबाजों की सधी लाइनलेंथ ने अफगान खिलाड़ियों को मैच में पैर जमाने का मौका ही नहीं दिया। सूर्यकुमार यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत की ओर से मिले 182 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तानी टीम की शुरूआत काफी खराब रही। टीम ने पॉवरप्ले में ही तीन विकेट खो दिए। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (11 रन), इब्राहिम जादरान (8 रन) और हजरतुल्ला जजाई (2 रन) जल्दी पवेलियन लौट गए। उनके बाद गुलाबदीन नाइब और अजमतुल्लाह ओमरजाई ने तेज गति से रन बनाने की कोशिश की लेकिन उसी चक्कर में दोनों ने अपने विकेट भी गंवाए।

# भारत नवंबर में चार टी-20 मैचों के लिए करेगा दक्षिण अफ्रीका का दौरा

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम 8 नवंबर से शुरू होने वाली चार मैचों की टी20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को एक संयुक्त बयान में उक्त जानकारी दी। सीरीज का पहला मैच डरबन के हॉलीवुडबेट्स किंग्समीड स्टेडियम में खेला जाएगा। अगला मैच 10 नवंबर को गेकेबरहा के दाफाबेट सेंट जॉर्ज पार्क में खेला जाएगा।

इसके बाद सीरीज हाईवेल्ड में होगी, जहां सुपरस्पोर्ट पार्क में 13 नवंबर को तीसरा और डीपी वर्ल्ड वांडरर्स स्टेडियम में 15 नवंबर को सीरीज का अंतिम मैच



खेला जाएगा। यह दौरा भारत की न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के बाद और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले होगा।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हमेशा से ही एक गहरा और मजबूत रिश्ता रहा है, जिस पर दोनों देश गर्व करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम को दक्षिण अफ्रीकी प्रशंसकों से लगातार अपार सराहना और प्यार मिला है, और यह भावना दक्षिण अफ्रीकी टीम के प्रति भारतीय प्रशंसकों में भी उतनी ही प्रबल है। मुझे पूरा विश्वास है कि आगामी श्रृंखला एक बार फिर मैदान पर क्रिकेट की उत्कृष्टता को उजागर करेगी और रोमांचक, उच्च तीव्रता वाले मुकाबले पेश करेगी।

## वाणिज्य



### किसान संघों ने किसानों को मिलने वाली सहायता राशि बढ़ाने की मांग उठाई



- वित्त मंत्री ने किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ की बजट से पहले बैठक

**नई दिल्ली। एजेंसी**

किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैठक की। बैठक में किसान संघों ने आगामी आम बजट 2024-25 में किसानों को मिलने वाली सहायता राशि में बढ़ोतरी की मांग की। मंत्रालय के मुताबिक आम बजट 2024-25 को लेकर किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के प्रतिनिधियों के साथ चौथे बजट-पूर्व परामर्श बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव और व्यय विभाग के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, कृषि और कॉपोरेट मामलों के वरिष्ठ अधिकारी और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।

# शेयर बाजार में मुनाफा वसूली का दबाव सेंसेक्स और निफ्टी ने शुरुआती बढ़त गंवाई

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बना कर हुई। लेकिन बाजार खुलने के बाद मुनाफा वसूली का दबाव बनने के कारण शेयर बाजार में गिरावट आ गई। हालांकि खरीदार भी लगातार लिवाली करके बाजार को सपोर्ट देने की कोशिश करते रहे। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों पर लगातार दबाव बना रहा। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ और निफ्टी 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने



के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस, एलटी माइंडट्री, भारती एयरटेल, टीसीएस और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 2.43 प्रतिशत से लेकर 1.76 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अडाणी एंटरप्राइज और नेस्ले के शेयर 1.16 प्रतिशत से लेकर 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,181 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,473 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 708 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 17 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 250.55 अंक उछल कर ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 77,729.48 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के कुछ देर बाद ही मुनाफा वसूली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से ये सूचकांक थोड़ी देर के लिए हरे निशान में वापसी करने में सफल रहा। लेकिन इसके बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक में गिरावट आ गई।

### स्टेनली लाइफस्टाइल्स का आईपीओ खुला निवेशक 25 जून तक कर सकेंगे निवेश

- आईपीओ में कंपनी 200 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर जारी करेगी

**मुंबई/नई दिल्ली। एजेंसी**

लक्जरी फर्नीचर ब्रांड कंपनी स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुक्रवार को निवेशकों के लिए खुल गया। खुदरा निवेशक इस आईपीओ के लिए 25 जून तक बोली लगा सकते हैं। कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 28 जून को लिस्ट होंगे। स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड इस आईपीओ के जरिए कुल 537.02 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी ने आईपीओ का मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 351 रुपये से 369 रुपये प्रति शेयर



निर्धारित किया है। इस आईपीओ में कंपनी 200 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर जारी करेगी। इसके अलावा कंपनी ने 337 करोड़ रुपये के 91.33 लाख इक्विटी शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के लिए रखा है। बेंगलुरु स्थित स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड एक लक्जरी फर्नीचर ब्रांड है। यह अपने कई ब्रांड के जरिए सुपर-प्रीमियम, लक्जरी और अल्ट्रा-लक्जरी सहित विभिन्न मूल्य श्रेणियों में काम करने वाली कुछ भारतीय कंपनियों में से एक है।

# प्रदेश बिजली, पानी की कमी से त्रस्त, सरकार जाने कहां व्यस्त : डोटासरा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** केन्द्र सरकार की नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी द्वारा नीट यूजी-परीक्षा करवाने में हुई अनियमितता के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रातः 11.00 बजे कलेक्ट्री सर्किल, जयपुर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना देकर विरोध-प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में शामिल कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में जब पांच साल कांग्रेस की सरकार थी तो भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता युवाओं के भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त करते थे। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के उन सभी नेताओं का वास्तविक चेहरा उजागर हो गया है क्योंकि भाजपा नेताओं को उस वक्त भी युवाओं के भविष्य की चिंता नहीं थी केवल माहौल खराब कर सरकार में आना चाहते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने भ्रमित कर सत्ता तो हथिया ली किन्तु आज उनसे यह प्रश्न पूरा देश पूछ रहा है कि 24 लाख बच्चें जिनमें से 1 लाख 75 हजार राजस्थान के है, जिन्होंने अपने परिजनों के साथ डॉक्टर बनने का सपना देखा है और इस सपने को साकार करने के लिए दिन-रात पढ़ाई और मेहनत की है, इन बच्चो के माता-पिता ने कोचिंग के लिए बड़ी धन राशि खर्च की तथा सर्वस्व लगाकर भविष्य की आशाओं के साथ जब बच्चों ने परीक्षा दी तो हुआ यह कि देश की नीट की परीक्षा का पेपर आउट हो गया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन पेपर आउट होने के नए-नए खुलासे हो रहे है तथा अनेक राज्यों से मीडिया के माध्यम से वहां पेपर आउट होने की जानकारी सामने आ रही है। डोटासरा ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की भाजपा सरकार के मंत्री ही कह रहे है कि बिहार में पेपर आउट हुआ है और पेपर आउट करने वाले सरगना की जानकारी मिल गई है, किन्तु देश के प्रधानमंत्री जो बच्चों से परीक्षा पर चर्चा करते थे वे अब एक शब्द नहीं बोल रहे है। उन्होंने कहा कि देश के शिक्षा मंत्री भी इस विषय पर देश को सच्चाई नहीं बता रहे है बल्कि प्रतिदिन गुमराह करने वाली बातें कह रहे है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री कभी तो कहते है कि गड़बड़ी करने वालों की जांच की जाएगी, कभी कह रहे है कि गड़बड़ी हुई है लेकिन पेपर आउट नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि बिहार के उप मुख्यमंत्री स्वयं कह चुके है कि बिहार में पेपर लीक हुआ है और इसके पुख्ता प्रमाण है किन्तु शिक्षा मंत्री इस पेपर को निरस्त करवा कर दुबारा परीक्षा करवाने की बजाए मुंह बंद कर बैठे है, एक शब्द नहीं बोल रहे। उन्होंने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने भी इस परीक्षा को लेकर गम्भीर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि बच्चों को परीक्षा केन्द्र पर समय पर पेपर नहीं मिला और मनमाने तरीके से नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी ने ग्रेस मार्क्स दे दिए। उन्होंने कहा कि पता नहीं कितने सेंटरों पर पेपर देर से पहुंचा, ना जाने कितने बच्चों को पेपर देने के लिए पूरा समय नहीं मिला किन्तु केन्द्र सरकार की एजेन्सी ने चुनिंदा लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए मनमाने तरीके से ग्रेस मार्क्स देने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि देशभर के छात्र परेशान है और माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष न्याय लेने के लिए जा रहे है



क्योंकि उनके सपनों को तोड़ने का कार्य भाजपा की केन्द्र सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि एक भी डॉक्टर फर्जी तरीके से बन गया तो इस तरीके से बना डॉक्टर पता नहीं कितने लोगों के जीवन को खराब कर देगा। उन्होंने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय की कड़ी टिप्पणी के बावजूद भाजपा की केन्द्र सरकार के कान पर जू तक नहीं रेंग रही है कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा अपनी मंशा जाहिर की गई है कि यदि पेपर लीक होने के कारण निरस्त किया गया तो इसकी काउन्सलिंग करवाने की क्या आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा बनायी गयी एजेन्सी ने ही यूजीसी-नेट की भी परीक्षा करवायी थी जिसमें पेपर आउट होने के कारण परीक्षा निरस्त कर दी गई चूंकि नीट की परीक्षा में भारी भ्रष्टाचार हुआ है इसलिए यह परीक्षा पेपर लीक होने के बावजूद भाजपा सरकार निरस्त नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास जनता के लिए फुर्सत नहीं है, बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी सरकार बचाने के लिए सहयोगी दलों को ही सारा समय प्रदान कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री करोड़ों रुपये खर्च कर परीक्षा कैसे देनी चाहिए, बताते रहे जबकि उनकी स्वयं की डिग्री पर सैंकड़ों प्रश्नचिन्ह है। उन्होंने कहा कि देश का बच्चा-बच्चा आज कह रहा है कि नीट की परीक्षा में बेईमानी व भ्रष्टाचार हुआ है, पेपर लीक हुआ है, सभी इस घोटाले को मान रहे है किन्तु भाजपा नेताओं के कोई फर्क नहीं पड़ रहा है क्योंकि इन लोगों ने पूरे 10 साल में केवल घोटाला ही किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व जो पर्चियों से मुख्यमंत्री बना रहे है यह भी देश का सबसे बड़ा घोटाला है क्योंकि भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व सक्षम व्यक्ति को ना तो मुख्यमंत्री बनाएगा और ना ही मंत्री बनाएगा, क्योंकि इन्हें कठपुतली राज चाहिए। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि वे जब शिक्षा मंत्री थे तथा पूर्ववर्ती सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भाजपा नेता अर्नगल आरोप लगाते थे किन्तु प्रदेश में भाजपा की सरकार उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं कर सकी क्योंकि भाजपा नेताओं द्वारा लगाए गए सभी आरोप झूठे है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा की राज्य सरकार को भाषणबाजी करने की बजाए प्रदेश के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा की सरकार प्रदेश के विकास के लिए सकारात्मक कार्य करेगी तो उन्हें सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मंत्री केवल भाषण दे रहे है और फोटो खींचवा रहे है जनता से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में भाजपा के दिग्गज नेता जोर-शोर से युवाओं एवं छात्रों की बात करते थे किन्तु आज नीट परीक्षा का पेपर लीक होने से लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर है तो यह भाजपा के नेता कहीं नजर नहीं आ रहे है। उन्होंने कहा कि यूजीसी-नेट का पेपर लीक हुआ तो एक भी भाजपा का नेता नहीं बोला इसी प्रकार नीट का पेपर आउट हुआ तो भी प्रदेश के सभी भाजपा नेता चुप्पी साधकर बैठे है क्योंकि कांग्रेस शासन में इन्हें झूठे तथ्यों के आधार पर सत्ता में आने के लिए हल्ला मचाना था। उन्होंने कहा कि वे राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दिखाए मार्ग पर चलने वाले सच्चे सिपाही है जो प्रदेश की जनता के हितों की रक्षा के लिए तत्परता के साथ भाजपा की गलत नीतियों के विरूद्ध लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता को जाग्रत कर ऐसा अभियान चलाएगी कि भाजपा की प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री या तो प्रदेश हित में कार्य करेंगे अथवा कुर्सी छोड़ने पर मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि 6 माह के शासनकाल में भाजपा सरकार ने कांग्रेस शासन में लागू मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना जैसी योजनाओं को बंद करने का कार्य किया, महात्मा गांधी प्रेरकों को बेरोजगार किया तथा अब नए सृजित जिलों की समीक्षा कर रहे है, सड़कों का काम बंद हो गया केवल औचक निरीक्षण हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में जो इंदिरा रसोई प्रारम्भ हुई थी उसे भी भाजपा सरकार ने नाम बदलने के साथ ही गरीब को मिलने वाली थालियों की संख्या आधी कर दी। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता कभी ईआरसीपी की बात करते हैं, कभी यमुना के जल की बात करते है किन्तु भाजपा के नेता प्रदेश की जनता के समक्ष एमओयू भी प्रस्तुत नहीं करते। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राजस्थान ने पिछले 6 माह में प्रदेश के लिए एक भी कार्य नहीं किया और अब कहा है कि तृतीय श्रेणी शिक्षकों की भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देंगे किन्तु उन्हें यह बताना आवश्यक है कि आरक्षण अभी दिया नहीं है केवल बयान दिया है। उन्होंने कहा कि संसद में सर्वसम्मति से महिला आरक्षण बिल पारित हुआ किन्तु आरक्षण का कोई अता-पता नहीं है क्योंकि भाजपा ने उसमें शर्तें जोड़ दी है कि पहले डिलीमेटेशन होगा और जनगणना होगी उसके पश्चात आरक्षण लागू हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जब तक डिलीमेटेशन और जनगणना का समय आएगा तब तक भाजपा की केन्द्र सरकार ही गिर जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता कमर कस लें क्योंकि आने वाले डेढ़-दो साल में ही लोकसभा के चुनाव पुनः हो सकते है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री तो झोला उठाकर चल देंगे और इसकी उन्होंने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ता भाजपा की गलत नीतियों के विरूद्ध संघर्ष के लिए तैयार रहे क्योंकि कांग्रेस पार्टी के महान नेताओं ने देश की आजादी के लिए लड़ते हुए अपने प्राणों की आहूति देने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी और अब देश की जनता के लिए लड़ाई लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत के साथ प्रदेश की पर्ची सरकार से लड़ने के लिए तैयार रहे क्योंकि यह सरकार स्वयं के विवेक से कोई कार्य नहीं करेगी क्योंकि भाजपा की राजस्थान सरकार तो केन्द्र से आई पर्ची के अनुसरण से ही कार्य करती है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में यह संशय है कि राजस्थान की भाजपा सरकार चला कौन रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता बिजली और पानी की कमी से त्रस्त है किन्तु सरकार जाने कहां व्यस्त है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो विपक्ष में है किंतु भाजपा के मंत्री, विधायक, सांसद ही सरकार को बिजली व पानी उपलब्ध करवाने हेतु चिट्ठियां लिख रहे है किन्तु मुख्यमंत्री उन पत्रों पर संज्ञान नहीं ले रहे है और केवल कांग्रेस को कोसने के लिए घूम रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल, ओल्ड पेंशन स्कीम जैसी योजना लागू की थी किन्तु राज्य की भाजपा सरकार इस प्रकार की एक भी योजना लागू करने की मंशा नहीं रखती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा कर रहे है कि खूब रोजगार आने वाले है किंतु एक भी नौकरी किसी भी बेरोजगार को देने के लिए इस सरकार की इच्छा शक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बैठे नेता नूराकुश्ती में व्यस्त है और जनता के कार्यों की ओर उनका ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि आज देशभर के छात्र अपने भविष्य को लेकर आशंकित है और केन्द्र सरकार की नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी द्वारा करवायी गयी नीट-2024 परीक्षा में पेपर लीक पर केन्द्र सरकार से जवाब चाहते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देशभर के छात्रों को न्याय दिलवाने के लिए संघर्ष करने में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ेगी। प्रदर्शन में सांसद पूर्व सांसद विधायक पूर्व मंत्री सहित वरिष्ठ कांग्रेजसन शामिल हुए।

# हाईवे पर अवैध पार्किंग और अतिक्रमण करने पर अब दर्ज होगी एफआईआर, अतिरिक्त मुख्य सचिव ने दिये कार्यवाही के निर्देश

## परिवहन विभाग की एनएचएआई और मोर्थ (सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय) के साथ एक्सप्रेस वे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये बैठक आयोजित

चमकता राजस्थान

जयपुर। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती श्रेया गुहा ने कहा कि हाईवे पर अवैध पार्किंग और अतिक्रमण बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार है। उन्होंने पुलिस विभाग को ऐसा करने वाले व्यक्तियों पर तुरंत ए×फआईआर दर्ज कर सख़्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

श्रीमती गुहा शुक्रवार को शासन सचिवालय में एनएचएआई और सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों के साथ एक्सप्रेस वे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। बैठक में अपर परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) निधि सिंह ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से राजमार्गों पर हो रही दुर्घटनाओं के विभिन्न कारणों के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया



कि राज्य की कुल सड़क लम्बाई में से राष्ट्रीय राजमार्गों की लम्बाई 4 प्रतिशत है परन्तु इन पर वर्ष 2023 में राज्य की कुल मृत्युदर का लगभग 38 प्रतिशत भाग है। वहीं वर्ष 2023 में दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे पर तीन एवं तीन से अधिक मृत्यु वाली 39 दुर्घटनाओं में 38 लोगों की मृत्यु हुई जबकि वर्ष 2024 में (जनवरी से मई तक) मात्र 13 दुर्घटनाओं में 28 लोग जान गवाँ चुके हैं जोकि अत्यंत चिंता का विषय है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने लगातार बढ़ती दुर्घटनाओं एवं मृत्यु पर को चिंताजनक बताते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं मॉर्थ के अधिकारियों को इस पर तुरंत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने दुर्घटना के वक़्त आपातकालीन वाहनों के लिये निर्बाध आवाजाही व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने एक्सप्रेस वे एवं राजमार्गों पर अनाधिकृत पार्किंग, अवैध कट, आवारा जानवर, राष्ट्रीय संपत्तियों को क्षतिग्रस्त करने, अवैध गतिविधियाँ संचालित करने, वर्कज़ोन सेफ्टी, अतिक्रमण, साइनेज बोर्ड, प्रवर्तन की कमी तथा दुर्घटना हो जाने पर बचाव कार्य की शुरूआत में होने वाली देरी संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण के बारे में अधिकारियों को निर्देशित किया।

एक्सप्रेस वे एवं राजमार्गों पर अवैध गतिविधियों के संचालन, राष्ट्रीय संपदा को नुकसान पहुँचाने के मामलों में अतिरिक्ति महानिदेशक पुलिस (यातायात) हवासिंह घुमारिया द्वारा तुरंत एफआईआर दर्ज करवाने हेतु निर्देश प्रदान किए। बैठक में आयुक्त, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा डॉ. मनीषा अरोड़ा, वित्तीय सलाहकार महेंद्र भूकर, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय प्रबंधक डी के चतुर्वेदी, क्षेत्रीय प्रबंधक मॉर्थ नरेश कुमार चोपड़ा व रवि चंचल, एवं राज्य सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के अधीक्षण अभियंता (सड़क सुरक्षा) सुरेश बेनीवाल एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (सड़क सुरक्षा) डॉ. एल. एन. पाण्डे एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।


## कार्यालय ग्राम पंचायत श्रीनगर पंचायत समिति श्रीनगर (अजमेर)

ग्रा.पं. श्री/महानरेगा/निविदा/2024–25/34–40 दिनांक :– 21/06/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

ग्राम पंचचायत श्रीनगर वित्तिय वर्ष 2024–25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण–कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 21/06/2024 से दिनांक 02/07/2024 को प्रात: 10:00 बजे तक ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से बेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB NO:- 2AJ2425A0052
UBN NO:- 2AJ2425GLOB00056

सरपंच
ग्राम पंचायत श्रीनगर
पं. स. श्रीनगर (अजमेर)

ह/–
ग्राम विकास पदाधिकारी
ग्राम पंचायत श्रीनगर

ग्रा.पं. राज /महानरेगा/निविदा/2024–25/34–40


# गहलोत-डोटासरा के नेतृत्व में पेपरलीक उद्योग चला रही थी कांग्रेस सरकार: लक्ष्मीकांत भारद्वाज

चमकता राजस्थान

जयपुर। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान का पलटवार करते हुए कहा कि नीट पेपर धांधली पर बोलने वाले डोटासरा शायद भूल गए कि राजस्थान में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के राज में 19 पेपर लीक हुए। प्रदेश के 70 लाख युवाओं के भविष्य को मजाक बनाने वाले स्वयं तत्कालीन शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ही थे। राजस्थान में कांग्रेस सरकार डोटासरा और गहलोत के नेतृत्व में पेपरलीक उद्योग चला रही थी। इतना ही नहीं, तत्कालीन शिक्षा मंत्री डोटासरा पर तो आरएएस भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा कर अपने रिश्तेदारों को लगाने तक के आरोप लगे। अब ये गोविंद सिंह डोटासरा नीट परीक्षा पर सवाल उठा रहे है। जबकि नीट परीक्षा का मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के राज में प्रदेश के युवाओं को भर्ती परीक्षा से ही विश्वास उठ गया था, वहीं दूसरी ओर राजस्थान भ्रष्टाचार के मामले में देश में पहले नंबर पर पहुंच चुका था। कांग्रेस के मंत्री तक एक दूसरे पर सवाल उठा रहे थे, तबादलों पर गहलोत के समक्ष शिक्षकों ने रूपए लेकर तबादले करने तक के आरोप लगाए थे। डोटासरा ये भी भूल गए



- **आरएएस भर्ती परीक्षा में रिश्तेदारों को टॉपर से अधिक नंबर दिलाकर डोटासरा ने लाखों युवाओं के साथ किया था खिलवाड़:- लक्ष्मीकांत भारद्वाज**

कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के राज में पेपरलीक की सीबीआई जांच की मांग पर लाखों युवा सड़कों पर उतर आए थे। न्याय की मांग करने वाले युवाओं पर गहलोत सरकार ने लाठियां बरसाई थी। अब लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद उनके नेता बौखला गए है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार नीट परीक्षा को लेकर संवेदनशील है। मोदी सरकार के राज में लाखों युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए मोदी सरकार ने सारी परिस्थितियों के उपर गहराई से नजर बनाए रखी है। यह विषय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के चलते केंद्र सरकार अपने दायित्व को भंली भांति समझती है। ऐसे में न्यायालय का जो निर्देश होगा, उसके अनुसार केंद्र सरकार प्रभावी कार्रवाई करेगी, इसके लिए सरकार पूर्णता संकल्पबद्ध है। जब यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है, तब न्यायालय के विवेक से उपर अपना विवेक दिखाने का प्रयास कांग्रेसी नेताओं को नहीं करना चाहिए। अगर न्यायालय के फैसले से पूर्व कांग्रेसी नेता बयानबाजी कर रहे है तो इससे साफ है कि उन्हें छात्रों के भविष्य से कोई लेना देना नहीं है बल्कि राजनीति करनी है। यहां कांग्रेसी नेता केवल नोटंकी कर रहे है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने सत्ता में आने के साथ ही लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। मुख्मयंत्री भजनलाल शर्मा ने पेपरलीक माफियाओं पर नकेल कसने के लिए एसआईटी का गठन किया और इस एसआईटी ने कांग्रेस के राज में लीक हुए पेपर मामले की जांच करते हुए कुछ माह के दौरान ही 15 से अधिक प्रकरणों में 100 से अधिक पेपर माफियाओं को गिरफ्तार कर संलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया है। इतना ही नहीं, प्रदेश में जहां कांग्रेस राज के दौरान हर पेपर लीक हो रहा था, वहीं भाजपा सरकार ने 100 दिनों के भीतर 11 भर्ती परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया। भाजपा की भजनलाल सरकार ने महज 6 माह के दौरान कई ऐतिहासिक फैसले किए है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929